आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

जबलपुर का नम्बर 1 अख़बार
16 वें वर्ष में प्रवेश

24 घंटे देखे यश भारत
डिजिटल न्यूज चैनल
DIGIANA NEWS 91
hathway 598
UCN NEWS HD 81

● वर्ष- 16 अंक 115-● जबलपुर ● शुक्रवार, 27 मई, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष-12 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

# 3 चरणों में, 3.93 करोड़ मतदाता चुनेंगे गांव की सरकार

## 25 जून, एक जुलाई, 8 जुलाई को मतदान नतीजे 14 और 15 जुलाई को, 91 पंचायतों में बाद में चुनाव




### चुनाव कार्यक्रम एक नजर में

- पहले चरण का मतदान – 25 जून को
- दूसरे चरण का मतदान –1 जुलाई
- तीसरे चरण का मतदान –8 जुलाई
- 30 मई से नामांकन होंगे दाखिल
- 10 जून नाम वापसी
- 30मई को अधिसूचना होगी जारी
- 14 जुलाई को होगी वोटों की गिनती
- 15 जुलाई को जिला पंचायत की गिनती

**भोपाल,यशभारत।** प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायतों के चुनाव की घोषणा कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह पत्रकार वार्ता में पंचायत चुनाव का ऐलान किया। इस बार जिला पंचायत और जनपद पंचायत सदस्य का चुनाव भी मतपत्र से होगा। अभी तक यह इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन से होता रहा था! पंचायत चुनाव तीन चरणों में संपन्न होंगे। पहले चरण का मतदान 25 जून को, एक जुलाई को दूसरा चरण और तीसरे चरण का मतदान आठ जुलाई को होगा। प्रदेश में पांच जिले ऐसे हैं जिनका चुनाव एक ही चरण में समाप्त हो जाएगा। आठ जिलों में दो चरण में और 39 जिलों में तीनों चरण में चुनाव होगा। जबलपुर में पहले दो चरणों में और कटनी में तीनों चरणों में चुनाव कराए जाऐंगे। जबलपुर के सिहोरा, कुण्डम, पनागर, जबलपुर (बरगी) में पहले चरण में और मझौली, पाटन, शहपुरा में दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे जबकि कटनी के विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा में पहले दौर में बड़वारा, कटनी में दूसरे दौर में तथा बहोरीबंद, रीठी में तीसरे चरण में वोट डाले जाएंगे।





8,702 ग्राम पंचायतें आती हैं। इस चरण में 27,049 मतदान केंद्र हैं। आवश्यकता पड़ने पर 25 जून को वोटिंग होगी। दूसरे चरण में 106 जनपद पंचायतें हैं, जिसमें 7,661 ग्राम पंचायतें आएंगी। इस चरण में 23,988 मतदान केंद्र हैं। आवश्यकता पड़ने पर एक जुलाई को वोटिंग होगी। तीसरे चरण में 92 जनपद पंचायतें हैं, जिसमें 6,649 ग्राम पंचायतें आएंगी। इस चरण में 20,606 मतदान केंद्र हैं। आवश्यकता पड़ने पर आठ जुलाई को वोटिंग होगी।

### जबलपुर में पहले दो चरण और कटनी में तीनों चरणों में होगा मतदान

प्रथम चरण की मतगणना 28 जून को विकासखंड मुख्यालय, दूसरे चरण की 4 जुलाई और तीसरे चरण की 11 जुलाई को होगी। पंच सरपंच जनपद पंचायत सदस्य के परिणाम का टेबुलेशन और रिजल्ट की घोषणा 14 जुलाई को होगी और जिला पंचायत सदस्य के तीनों चरण के चुनाव का परिणाम 15 जुलाई को घोषित होगा आरक्षण के संबंध और मतदान केंद्रों के संबंध में अधिसूचना के साथ जानकारी सार्वजनिक की जाएगी। 91 पंचायतों का कार्यकाल नवंबर में समाप्त होगा, इसलिए वहां चुनाव बाद में होंगे। पत्रकार वार्ता में राज्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि राज्य शासन ने पंचायतों का आरक्षण करके हमें दे दिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक एक जून तक हमें चुनाव घोषित करने ही हैं। बरसात के मद्देनजर हम पंचायत चुनाव पहले कर रहे हैं। नगरीय निकाय में हालांकि बारिश की वजह से ज्यादा दिक्कत नहीं होती है। बारिश में मतदान दलों को पहुंचने में दिक्कत होती है। 30 मई को चुनाव की अधिसूचना कलेक्टर द्वारा जारी की जाएगी। 6 जून तक नामांकन पत्र स्वीकार किए जाएंगे इसके अगले दिन नामांकन पत्रों की जांच होगी। नाम वापसी 10 जून को शाम तीन बजे आवेदन लिए जा सकेंगे। इसके ठीक बाद चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर के प्रतीक चिन्हों का आवंटन कर दिया जाएगा। पहले चरण में 115 जनपद पंचायतें हैं, जिसमें

### पंचायत चुनाव में ऑनलाइन नॉमिनेशन नहीं होगा

10 मई को मतदाता सूची पूरी कर ली गई थी। प्रदेश में कुल 3.93 करोड़ मतदाता है, जिसमें 2.03 करोड़ मतदाता पुरुष और 1.90 करोड़ मतदाता महिलाएं हैं। इन चुनावों को शांतिपूर्वक संपन्न करने के लिए 4.25 लाख लोगों को लगाया जाएगा। पंच के लिए चार सौ रुपये, सरपंच के लिए एक हजार रुपये, जनपद सदस्य के लिए चार हजार और जिला सदस्य के लिए आठ हजार रुपये राशि जमा करनी होगी। पंचायत चुनाव में ऑनलाइन नॉमिनेशन नहीं होगा।



## आज भोपाल आ रहे राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द

**भोपाल यशभारत।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द आज शाम साढ़े पांच बजे तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल आ रहे हैं। राजभवन में उनका रात्रि विश्राम होगा। 28 मई को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में सुबह 11 बजे आरोग्य भारती के वन नेशन-वन हेल्थ सिस्टम इज द नीड आफ आवर कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम को मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग के नवीन स्वास्थ्य संस्था भवनों का भूमिपूजन करेंगे। 29 मई को वे सुबह साढ़े आठ बजे उज्जैन के लिए प्रस्थान करेंगे।प्रदेश सरकार ने राष्ट्रपति के भोपाल, इंदौर और उज्जैन भ्रमण के कार्यक्रम को देखते हुए उनकी अगवानी, विदाई और सत्कार के लिए मिनिस्टर इन वेटिंग नामांकित किए हैं। भोपाल विमानतल पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह अगवानी करेंगे तो राजभवन में चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग रहेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयुष मंत्री राम किशोर कावरे और मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में स्वास्थ्य मंत्री डा.प्रभुराम चौधरी उनके साथ रहेंगे। इसी तरह 29 मई को उज्जैन दौरे पर पुलिस लाइन हेलीपैड पर उच्च शिक्षा मंत्री डा. मोहन यादव, महाकाल मंदिर में पर्यटन मंत्री उषा ठाकुर, कालिदास संस्कृत अकादमी और सर्किट हाउस में आयुष मंत्री रामकिशोर कावरे और इंदौर विमानतल पर जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट मिनिस्टर इन वेटिंग रहेंगे।

## अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं गीतांजलि श्री



**नई दिल्ली एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की लेखिका गीतांजलि श्री के हिंदी उपन्यास च्टूंब ऑफ सैंड को प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह किसी भी भारतीय भाषा की पहली पुस्तक है, जिसे यह सम्मान मिला है। गुरुवार (26 मई 2022) को लंदन में एक समारोह में Geetanjali Shree को यह सम्मान दिया गया। इस मौके पर Geetanjali Shree ने कहा कि वह सम्मान पाकर पूरी तरह अभिभूत हैं। च्मैंने कभी बुकर का सपना नहीं देखा था, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं ऐसा कर सकती हूं। कितनी बड़ी पहचान है, मैं चकित, प्रसन्न, सम्मानित और विनम्र हूं। पुरस्कार के साथ पदक चिह्न और 50,000 जीबीपी दिए जाते हैं।

## ड्रोन फेस्टिवल में मोदी बोले– मैंने केदारनाथ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर ड्रोन से नजर रखी



नई दिल्ली,एजेंसी। दिल्ली के प्रगति मैदान में देश के सबसे बड़े ड्रोन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत ड्रोन महोत्सव 2022 का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि मैंने केदारनाथ डेवलपमेंट प्रोजेक्ट पर ड्रोन से नजर रखी। अब यही तकनीक लाखों किसानों की मददगार बनेगी। पहले की सरकारों के समय तकनीक को समस्या का हिस्सा समझा गया, उसको गरीब विरोधी साबित करने की कोशिशें हुईं। इस कारण 2014 से पहले गवर्नेंस में टेक्नोलॉजी के उपयोग को लेकर उदासीनता का माहौल रहा। इसका सबसे अधिक नुकसान गरीब, वंचितों, मिडिल क्लास को हुआ। ड्रोन तकनीक को लेकर भारत में जो उत्साह देखने को मिल रहा है, वह अद्भुत है। जो ऊर्जा नजर आ रही है, वह भारत में ड्रोन सर्विस और ड्रोन आधारित इंडस्ट्री की लंबी छलांग का को दर्शाता है। यह भारत में रोजगार के एक उभरते हुए बड़े सेक्टर की संभावनाएं दिखाती है।

### 2 दिन तक चलेगा ड्रोन महोत्सव

ड्रोन महोत्सव 27 से 28 मई तक आयोजित किया जाएगा। उद्घाटन से पहले प्रधानमंत्री ने किसान ड्रोन ऑपरेटर्स से बातचीत की।

## सीएम शिवराज सिंह का बड़ा ऐलान

# पंचायत में महिलाओं के निर्विरोध होने पर 15 लाख का पुरस्कार, 4 श्रेणियों में देंगे इनाम

**भोपाल,यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पंचातयों को विकास की दृष्टि से आदर्श बनाने के लिए अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार देने का ऐलान किया है। इसमें निर्विरोध सरपंच एवं पंच यानी समरस पंचायत चुनने पर सरकार प्रोत्साहन राशि देगी। वहीं, 4 अलग-अलग श्रेणी में 50 से 15 लाख रुपए तक के पुरस्कार की घोषणा की है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को ट्वीट कर जानकारी दी कि किसी भी पंचायत में सरपंच का निर्वाचन अगर निर्विरोध रूप से किया जाता है तो उस 'समरस' पंचायत को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। सरपंच पद के लिए वर्तमान निर्वाचन एवं पिछला निर्वाचन निरंतर निविरोध रूप से होने पर पंचायत को 7 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जएगी। वहीं, यदि संपूर्ण पंचायत यानी सभी पंच एवं सरपंच निर्विरोध निर्वाचित होते है तो पंचायत को प्रोत्साहन स्वरूप 7 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।



पंचायत में सरपंच एवं पंच के सभी पदों पर महिलाओं का निर्वाचन होता है तो पंचायत को 12 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। यदि पंचायत में सरपंच एवं पंच के सभी पदों पर महिलाओं का निर्वाचन निर्विरोध रूप से होने पर पंचायत को 15 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### 4 श्रेणियों में दिए जाएंगे पुरस्कार

पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर पंचायत का पुरस्कार, जल परिपूर्ण पंचायत का पुरस्कार, स्वच्छ, स्वस्थ एवं हरित पंचायत का पुरस्कार और महिला एवं बाल हितैषी पंचायत का पुरस्कार भी दिया जाएगा। इन सभी श्रेणियों में तीन पुरस्कार निर्धारित किए गए है। इसमें प्रथम पुरस्कार 50 लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार 25 लाख रुपए और तृतीय पुरस्कार 15 लाख रुपए मिलेगा। इसमें महिला एवं बाल हितैषी पंचायत पुरस्कार में पंचायत को महिलाओं के आर्थिक समाजिक उन्नयन की गतिविधियों को प्रोत्साहन, बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए सभी संसाधनों से युक्त आंगनवाड़ियों, कुपोषण से मुक्ति, बेटियों और महिलाओं के कल्याण के लिए बनायी गई योजनाओं का लाभ दिलाना है।

## नरोत्तम ने कांग्रेस पर कसा तंज

प्रदेश के गृह एवं संसदीय कार्यमंत्री नरोत्तम मिश्रा शुक्रवार की सुबह खंडवा पहुंचे। संघ के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने पुलिस अफसरों की बैठक ली। इसके बाद प्रेस से चर्चा करते हुए उन्होंने कांग्रेस को नसीहत दी और कहा कि वे भारत जोड़ो की जगह कांग्रेस जोड़ो अभियान चलाएं। कांग्रेस की हालत ऐसी है कि, एक हफ्ते में उनके तीन नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। हार्दिक पटेल, सुनील जाखड़ और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गृहमंत्री ने कहा- मुझे कांग्रेस के पतन पर वह गीत याद आ रहा है, इस दिल के टुकड़े हजार हुए, कोई यहां गिरा, कोई वहां गिरा।



## डाटा गोपनीयता मामले में ट्विटर पर 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना

### सुरक्षा के लिए नए मानक भी तैयार करेगी कंपनी

**वाशिंगटन,एजेंसी,।** ट्विटर छह वर्षों से यूजर्स का डाटा गोपनीय रखने में नाकाम रहने पर 15 करोड़ डॉलर का जुर्माना अदा करने पर राजी हो गया है। न्याय मंत्रालय व संघीय व्यापार आयोग ने ट्विटर के साथ वाद निपटारे की घोषणा करते हुए कहा कि सोशल मीडिया कंपनी अब यूजर्स की डाटा सुरक्षा के लिए नए मानक भी तैयार करेगी।अमेरिकी अधिकारियों ने कहा, ट्विटर ने निजता मामले में लगे आरोपों को निपटाने के लिए यह राशि देने पर सहमति जताई है। न्याय मंत्रालय तथा संघीय व्यापार आयोग (एफटीसी) ने ट्विटर पर गोपनीयता को कड़ा करने के नाम पर फोन नंबर, ईमेल की जानकारी को पैसे कमाने के लिए विज्ञापनदाताओं को देने का आरोप लगाया था। नियामकों का आरोप है कि ट्विटर ने उपयोगकर्ताओं (यूजरों) को धोखे में रखते हुए 2011 के एफटीसी आदेश का उल्लंघन किया कि वह उनकी गैर-सार्वजनिक संपर्क जानकारी की गोपनीयता को सुरक्षित रखता है।

## असम में बाढ़ का कहर जारी

# अब तक 30 की मौत, साढ़े पांच लाख से अधिक प्रभावित

**गुवाहाटी,एजेंसी।** पिछले कई दिनों से असम में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है. ऐसे में लाखों लोग प्रभावित हो रहे हैं. बीते गुरुवार को बारिश संबंधित घटना में दो और लोगों की मौत हो गई. वहीं सरकारी आंकड़े के मुताबिक 5.61 लाख लोग अब भी बाढ़ जैसी स्थिति का सामना कर रहे हैं. असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को नगांव और कामपुर में एक-एक व्यक्तियों की मौत हुई है. इन नई मौतों के चलते प्रदेश में बाढ़ और भूस्खलन से अब तक 30 लोगों की मौत हो चुकी है. एएसडीएमए ने बताया कि कछार, दीमा हसाओ, हैलाकांडी, होजई, कार्बी आंगलोंग पश्चिम, मोरीगांव और



नगांव जिले के 5 लाख 61 हजार 100 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।



## 16 साल के किशोर से 32 साल की महिला ने रचाई शादी

### सिंगरौली में दिल आया

**भोपाल,एजेंसी।** सिंगरौली में 18 मई को सरपंच के आदेश पर एक 32 साल की महिला की 16 साल के किशोर से जबरन शादी कराने के मामले में नया मोड़ आ गया है। गांव खुटार के दक्षिण टोला का है, जिसमें किशोर के पिता ने महिला एवं बाल विकास विभाग और बाल अधिकार संरक्षण आयोग में शिकायत की थी। गुरुवार को आयोग की टीम किशोर को रेस्क्यू करने पहुंची तो महिला अपने नाबालिग पति को लेकर भाग गई। इसके बाद आयोग के सदस्य ब्रजेश चौहान ने आरोपी महिला और उसके परिजनों के खिलाफ अपहरण सहित पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। महिला के परिजन भी गायब हैं। संभवत:महिला और उसके परिजनों ने किशोर को बंधक बनाकर कहीं पर रखा है। बाल आयोग ने मामले में किशोर की शादी को शून्य कराने के दिशा निर्देश दिए थे। महिला की सर्चिंग के लिए एक स्पेशल टीम बनाई गई है।किशोर के पिता ने अपनी शिकायत में बताया कि तलाकशुदा महिला उनके ही समाज की है। पहले तो उसके बेटे को किसी तरह अपने रिश्तेदार की लड़की से शादी कराने की बात की। जब उसे मना कर दिया तो उसने सरपंच का रोब दिखाया। इसके बाद जब बात नहीं बनी तो सरपंच बाल मुकुंद सिंह ने समाज के सामने पंचायत बैठाई। इसके बाद सरपंच के सामने महिला ने आरोप लगाया कि उसका नाबालिग बेटा उसे गंदी नजर से घूरता है। इसके बाद सरपंच ने महिला से शादी करने के लिए फरमान जारी कर दिया।

## केरल मॉडल को अपनाने की भी तैयारी

# आर्थिक तंगी में कांग्रेस, घर-घर मांगेगी मदद?

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** देश की सबसे पुरानी पार्टियों में से एक कांग्रेस सियासी संकट के साथ आर्थिक मुश्किलों से भी घिरती जा रही है। खबर है कि पार्टी बड़े स्तर पर फंड की कमी का सामना कर रही है। यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी रुपयों की कमी को दूर करने के लिए कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (एम) के रास्ते पर भी चलने की तैयारी कर रही है। भारतीय चुनाव आयोग में दाखिल हुई ऑडिट रिपोर्ट में भी बताया गया था कि कांग्रेस की आय 2020-21 में 58 फीसदी से ज्यादा कम हो गई है। एक अंग्रेजी अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस धन की कमी का सामना कर रही है। इससे निपटने के लिए पार्टी वाम दल के केरल मॉडल को अपनाने की भी तैयारी कर रही है। इस मॉडल के तहत वाम दल डोर-टू-डोर अभियान चलाता है, जिसके तहत बड़े स्तर पर घर-घर पहुंचकर धन जुटाया जाता है। साथ ही दानदाताओं को इसके बदले में पर्ची भी दी जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान के उदयपुर में आयोजित हुए चिंतन शिविर में भी CPI(M) के मॉडल को लेकर चर्चा की गई थी। केरल कांग्रेस के पूर्व प्रमुख रमेश चेन्नीथला ने इस मॉडल को अपनाने का प्रस्ताव रखा था। खबर है कि सत्र के दौरान 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए संसाधन जुटाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। रिपोर्ट में पार्टी सूत्र के हवाले से बताया गया, इस पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। इसे किस तरह लागू किया जाएगा और फंड मैनेजमेंट और इसमें पार्दर्शिता जैसे कुछ मुद्दे हैं। इसपर विचार किया जा रहा है कि और टास्क फोर्स 2024 की बैठकों में चर्चा की जाएगी। ECI में दाखिल ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, 2020-21 में कांग्रेस की आय 285.7 करोड़ रुपये थी। जबकि, इससे पहले वित्तीय वर्ष में यह आंकड़ा 682.2 करोड़ रुपये था। वित्तीय वर्ष 2018-19 में पार्टी की आय 918 करोड़ रुपये थी। रिपोर्ट के मुताबिक, खासतौर से अहमद पटेल के निधन के बाद पार्टी पर आर्थिक मार ज्यादा पड़ी है।



# जगह-जगह फैली गंदगी से खुल रही स्वच्छता की पोल

## स्टेशन में आवारा कुत्तों का आतंक

**जबलपुर यश भारत। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर आवारा कुत्तों का आतंक है। इसके अलावा जगह जगह गंदगी भी फैली दिख रही है। गत दिवस यश भारत टीम जब मुख्य रेलवे स्टेशन में पहुंची तो यहां की अव्यवस्थाएं सामने आई। हालत यह है कि कुत्ते दिन भर स्टेशन के अंदर व बाहर होते रहते हैं, जो यात्रियों पर हमला भी कर देते हैं।**

ये आवारा कुत्ते लंबे समय से घूम रहे है जिससे यात्रियों मैं काफी दहशत है। आए दिन इन पर ये कुत्ते हमला करते हैं।





### गंदगी का आलम

रेलवे स्टेशन पर स्वच्छता अभियान पूरी तरह बेअसर है। जगह-जगह गंदगी फैलने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। ऐसे में स्वच्छता अभियान को झटका लग रहा है। सब कुछ जानने के बाद भी रेलवे के अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं। स्टेशन पर सफाई व्यवस्था की देखरेख में लगे अधिकारियों का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट नहीं हो रहा। हालात है कि जहां देखो वहीं पर डिस्पोजल, एवं कचरा फैला हुआ। नियमित सफाई नहीं होने से प्लेटफार्म, आरक्षण हाल, सर्कुलेटिंग एरिया में गंदगी फैली हुई है। प्लेटफार्म पर लगा कूड़ादान भी भर गया है कचरा गिरकर प्लेटफार्म पर फैल रहा है।उल्लेखनीय है कि कोरोना संक्रमण में स्वच्छता अभियान को लेकर रेलवे द्वारा स्टेशन के प्लेटफार्म सहित चारों ओर प्रतिदिन सफाई कार्य कराने पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन स्थानीय स्टेशन पर सफाई नहीं होना अधिकारियों की अनदेखी उजागर कर रहा है। यात्री भी गंदगी की शिकायत कर रहे हैं, लेकिन अधिकारी शकायत को सुन चुप्पी साध ले रहे हैं।

## लटक रहे संकेत बोर्ड से खतरे का अंदेशा

### लटक रहा संकेत बोर्ड

जबलपुर रेलवे स्टेशन यात्रियों की सुविधाओं के लिए प्लेटफार्म में लगाए गए संकेत बोर्ड टूट कर लटक रहे हैं। इस ओर भी किसी संबंधित अधिकारी का ध्यान नहीं जा रहा है यदि कभी बोर्ड टूटकर अचानक नीचे गिर जाए तो कड़ी अनहोनी हो सकती है। बोर्ड मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 2 व 3 पर लटका हुआ देखा जा सकता है इस प्लेटफार्म में ट्रेन आने और जाने के दौरान इस जगह पर काफी भीड़ पड़ती है जिससे है लटका हुआ बोर्ड यात्रियों के लिए खतरे का अंदेशा पैदा कर रहा है।

### पहली फुहारों में सैड से टपकने लगा पानी

गत शाम को हुई हल्की बारिश ने स्टेशन पर पहले व्यवस्थाओं की पोल खोल कर रख दी प्लेटफार्म



में यात्रियों के ठहरने के लिए लगाए गए सेड से पानी की धार लगने के कारण प्लेटफार्म में मौजूद यात्री इससे बचने के लिए इधर उधर भागते नजर आए स्टेशन जिस तरह से अवस्थाओं का आलम है उससे ऐसा प्रतीत होता है कि जवाबदेह अधिकारियों का इस ओर किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है। **फोटो- बबलू**



## जबलपुर महिला क्रिकेट प्रीमियर लीग

# विजय राजे सिंधिया टीम की धाकड़ जीत

**जबलपुर, यश भारत।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जबलपुर महिला प्रीमियर लीग का आयोजन रानीताल क्रिकेट मैदान में किया जा रहा है जिसमें विजय राजे सिंधिया टीम ने धाकड़ जीत अर्जित की। रानी नायकी देवी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।



पहले बल्लेबाजी करते हुए रानी नायकी देवी ने 15 ओवर में 4 विकेट पर 83 रन बनाए। जिसमें निकिता सिंह ने 27 रन व शरीन ने 22 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजय राजे सिंधिया ने 8 विकेट शेष रहते हुए 9 ओवरों में 84 रन बनाकर जीत हासिल की। मैच के मुख्य अथिति आई.पी.एस. सी.एस.पी. प्रियंका शुक्ला ने मैच का प्लेयर ऑफ द मैच का पुरुस्कार विजय राजे सिंधिया की पायल बाल्मीक को प्रदान किया गया। मैच के शुभारंभ में पूर्व कांग्रेस नगराध्यक्ष दिनेश यादव का खिलाड़ियों का परिचय कराया। डॉ कल्पना मिश्रा, हाइकोर्ट बार के अध्यक्ष संजय वर्मा, पंडित ईशान नायक भाजयु मो ने प्लेयर ऑफ दी मैच प्रदान किया। आयोजन समिति के सुकेश झा, एडवोकेट सम्पूर्ण तिवारी एडवोकेट तेजकुमार भगत, एडवोकेट निशांत झा, एडवोकेट मोहन बाल्मीकि एडवोकेट आशीष चौधरी रोहित तिवारी हीरा अमित झा सतीश विश्वकर्मा रूपेश विश्वकर्मा आदि सदस्य उपस्थित रहे।



# जनेकृविवि के कुलपति डॉ. बिसेन ने स्पोर्ट्स गतिविधियों का किया मुआयना

**विद्यार्थियों के खेलकूद के प्रति उत्साह देख रोमांचित हुये**

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित खेलकूद गतिविधियों एवं नवीनतम सुविधाओं को सत्त छात्र-छात्राओं हेतू प्रदान की जा रही हैं। इसी के तहत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन ने जवाहर प्रांगण स्थित जोनल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में चल रही गतिविधियों का मुआयना किया। इस दौरान अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित कुमार शर्मा ने कुलपति डॉ. बिसेन को प्रांगण में संचालित समस्त गतिविधियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। डॉ. शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों हेतू आउट डोर व इनडोर की समस्त बेहतरीन खेलकूद सुविधायें प्रदान की जा रही हैं ताकि छात्र-छात्राओं का शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में भी सर्वागीण विकास हो सके। समस्त खेलकूद सुविधायें विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रदीप कुमार बिसेन एवं अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे की सप्रेरणा व मार्गदर्शन में प्रदान की जा रही हैं। जोनल स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स की समस्त नवीनतम सुविधायें छात्र-छात्राओं को कुलपति डॉ. बिसेन द्वारा समर्पित की गई। जवाहर प्रांगण में नया बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन कोट, मुक्केबाजी टेबल टेनिस, शरीर सौष्ठव में रूझान को देखते हुये छात्र-छात्राओं हेतू अलग-अलग जिमनेशियम, योगा केन्द्र, स्वीमिंग पुल, किकेट, बॉस्केटबॉल, हाइजम्प, लॉग जम्प, खो-खो एवं इनडोर कबड्डी मेट एवं अनेक खेलों हेतू बेहतर सुविधायें प्रदान की गई हैं। कुलपति डॉ. बिसेन ने विद्यार्थियों से खेलकूद संबंधित वार्तालाप में कहा कि आप सभी का खेल व स्वास्थ्य के प्रति उत्साह व उमंग देखकर में रोमांचित हो गया।

# आधुनिक भारत के जनक थे पं. नेहरू

## पुण्यतिथि पर नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि, संगोष्ठी सभा



**जबलपुर, यश भारत।** देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर नेहरू पार्क स्थित नेहरू जी की प्रतिमा स्थल पर श्रद्धांजलि संगोष्ठी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्य प्रदेश के सह प्रभारी सी.पी.मित्तल ने कहा कि देश की आजादी में और आजादी के बाद पहले प्रधानमंत्री के रूप में पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा आधुनिक भारत के लिए किए गए महान कार्यों को देश हमेशा याद रखेगा। देश की आजादी के समय भारत में खाद्यान्न से लेकर खेतों की सिंचाई और तकनीकी के क्षेत्र में पंडित नेहरू ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाए थे जिनके परिणाम आज हम सभी के सामने हैं।



विधायक विनय सक्सेना ने कहा कि जहां हम खाद्यान्न के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गए हैं वही विज्ञान के क्षेत्र में अनेक अविष्कार हुए हैं और सिंचाई के लिए बड़े-बड़े बांध एवं देश सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए कई आयुध निर्माणों का विकास भी पंडित नेहरू की सोच के परिणाम स्वरूप हुआ है। पंडित नेहरू द्वारा देश के लिए किए गए हम कार्यों को हमारा देश सदैव याद करते हुए उनके प्रति साधुवाद व्यक्त करता है। शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि मौजूदा समय में पंडित जवाहरलाल नेहरू के बताए हुए रास्तों और सिद्धांतों की सबसे ज्यादा जरूरत है क्योंकि अगर देश में जाति और भाषा और धर्म के नाम पर वैमनस्यता फैलाई जाएगी तो भारत का बहुत बड़ा अहित हो जाएगा और जो 70 सालों में देश ने प्रगति की राह पर आगे बढ़ते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की है उन्हें संभाल पाना मुश्किल हो जाएगा। इस मौके पर पार्टी के अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे और उन्होंने कहा कि पंडित जी ने देश के विकास के साथ ही भारत में भाईचारा और अनेकता में एकता को सुंदर फूलों का गुलदस्ता बनाने में कई कार्यक्रम चलाए थे जिसके चलते सभी जाति धर्म के लोगों ने देश को प्रगति के पथ पर आगे ले जाने के लिए एकजुटता से कार्य किए थे। एवम् उन्होंने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनका नमन किया। संचालन सेवा दल अध्यक्ष सतीश तिवारी ने किया। कार्यक्रम में झल्ले लाल जैन, कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, मनीषा अवस्थी, रेखा जैन, सीमा पचौरी, हाजी इसरार अहमद, राजेश सोनकर, मुकेश राठौर, अमरीश मिश्रा, गुड्डू नवी, रिजवान अली कोटि, टीकाराम कोस्टा, चमन पासी, प्रहलाद अग्रवाल, शुशीला कनोजिया, भगतराम सिंह, मदन लारिया, आरिफ बेग, प्रशांत मिश्रा, पुष्पा पटेल, स्वेता दुबे, रीना विश्वकर्मा, मीनाक्षी स्वामी, पूनम सैनी, कमला चौहान, आशारानी श्रीवास, नरेश सोनकर, विष्णु विनोदिया, उमेश पटेल, राकेश चक्रवर्ती, महेश मिश्रा, राजा पांडे, राजीव तिवारी, सुमित्रा गोठिया। मीना रजक, दुर्गा सैनी, पार्वती मरकाम, गुड्डा सोनी, श्याम सोलंकी, गुरूचरण चौधरी, देवेंद्र काछी, गुरु कुशवाहा, शरद मालवीय, अंकित रैकवार आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

### मुख्य सड़क पर जानलेवा गड्ढों से राहगीर वाहन चालक त्रस्त

# आगा चौक से बल्देवबाग के बीच रोज हो रहे हादसे



**जबलपुर यशभारत** ।इन दिनों आगा चौक से बल्देव बाग चौक मार्ग से निकलने वाले राहगीर और वाहन चालक सड़क की दुर्दशा से भारी परेशान हैं ।इस व्यस्त मार्ग पर ऐसा कोई दिन नहीं जाता है जब कोई राहगीर या वाहन चालक गिरकर घायल न होता हो ।जब से इस मार्ग पर फ्लाई ओवर बनना शुरू हुआ है तब से परेशानियों का सिलसिला जारी है ।अनेक बार संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में यह बात लाई जा चुकी है ।लेकिन अब तक न तो गड्ढे भरे जा रहे है और न ही अन्य कोई सुधार किया जा रहा है ।यदि इसी प्रकार की उदासीनता जारी रही तो यहां होने वाली दुर्घटना बड़ा रूप ले सकती है।





# आपदा प्रबंधन में युवाओं की सहभागिता नितांत आवश्यक :डॉ. इलैयाराजा टी.

**श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में जिला स्तरीय कार्यशाला**

**जबलपुर।** श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में जिला प्रशासन, सिविल डिफेंस, एन.एस.एस, एन,सी,सी एवं एन. वाई. के. के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन पर जिला स्तररीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के मुख्यर अतिथि डॉ. इलैयाराजा टी. ने आपदा प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर प्रकाश और वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं की भूमिका को रेखाकिंत करते हुए बताया कि, सैद्धांतिक और व्यभवहारिक प्रशिक्षण से ही प्रशिक्षु मैदानी स्त्र पर भलि भांति कार्य कर सकते है और दूसरों को भी लाभान्वित कर सकते है। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन की कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष शरदचंद पालन, अध्यक्ष शासी निकाय ने आपदा प्रबंधन की आवश्यकता पर अपने विचार रखें। तदोपरांत एन.डी.आर.एफ. वाराणसी टीम के कमांडर संदीप कुमार ने अपनी 10 सदस्यीय दल के साथ आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ किया। इस प्रशिक्षण के अन्तीर्गत एक्सी डेंट, स्नेनक बाईट, बाढ़, भूकंप, कृत्रिम श्वांस देना, स्ट्रेचर निर्माण सहित विभिन्नक प्राकृतिक आपदाओं के सैद्धांतिक पक्ष के साथ व्येवहारिक पक्ष से भी अवगत कराया। इसके साथ ही स्वेयंसेवकों से भी प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षण प्रस्तुधत कराया गया। कार्यशाला में विभिन्न महाविद्यालयों से राष्ट्री य सेवा योजना, एन.सी.सी एवं एन. वाई. के. के 250 चयिनित स्वायंसेवकों ने बढ़चढ़कर सहभागिता की। इस कार्यशाला में विशिष्टय अतिथि के रूप में अभिमन्यु जैन, डॉ.शक्ति सिंह मण्डलोई, एन.वाय.के. से श्री पाण्डे्य, तहसीलदार ग्वाथलवंशी जी, एस.डी.ई.आर.एफ से संतोष सिंह उपस्थित रहे। संचालन डॉ.आनंद सिंह राणा, जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना ने किया तथा आभार कार्यशाला के संयोजक सुनील गर्ग ने किया। इस अवसर पर डॉ.गंगाधर त्रिपाठी, तरुण मिश्रा, मनोज चौरसिया मुकेश श्रीवास्तव, संजय पांडे, डेनियल पटेल, चंद्र कुमार चौबे, श्रीमती राखी बाजपेई, सुश्री मीनाक्षी लोधी, राधा झारिया, सुश्री दिव्या विश्वकर्मा, गोपाल रैकवार, आनंद रैकवार एवं भूपेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पुन : मतगणना क्यों नहीं हो सकती है अभिमत दो

## सीओडी सोसायटी के निर्वाचन अधिकारी को भोपाल से पत्र

जबलपुर यशभारत ।गत मंगलवार को सीओडी में संपन्न को आपरेटिव चुनाव के बाद बुधवार को हुई मतों की गणना के बाद जब दो उम्मीदवारों ने निर्वाचन अधिकारी को पुन: मतगणना कराने का आवेदन दिया तो निर्वाचन अधिकारी ने बिना कोई कारण बताए आवेदन पर लिख दिया कि पुन: मतगणना नहीं होगी और प्रतिद्वंदी प्रत्याशी को विजयी घोषित कर दिया ।इस पर असंतुष्ट दो उम्मीदवार ने सहकारिता विभाग के भोपाल स्थित निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील की ।जिसमें भोपाल से सीओडी को आपरेटिव सोसायटी के निर्वाचन अधिकारी को पत्र जारी कर उनका अभिमत तलब किया है ।बताया जाता है कि सोसायटी चुनाव में डिपो कामगार यूनियन और कर्मचारी यूनियन के बीच क?। मुकाबला रहा ।मतों की गिनती में डिपो कामगार यूनियन का एक उम्मीदवार एक मत से हार गया ।वहीं एक और उम्मीदवार मतगणना से असंतुष्ट रहा ।इस तरह डिपो कामगार यूनियन के रूपेश गायकवा? और अमित सिंह ने दुबारा मतों की गिनती के लिए आवेदन दिया ।लेकिन निर्वाचन अधिकारी ने बिना कारण आवेदन खारिज कर दिया ।इस पर भोपाल स्थित निर्वाचन अधिकारी को अपील की गई ।जिस पर वहां से निर्वाचन अधिकारी से अभिमत तलब किया गया है।



**केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने केंद्रीय श्रम मंत्री भूपेंद्र यादव से की मुलाकात**

# केंद्रीय श्रम आयुक्त कार्यालय को जबलपुर से भोपाल नहीं किया जाए स्थानांतरित

**जबलपुर।** संस्कारधानी से बीडी श्रमिकों के कल्याण के लिए बने आयुक्त श्रम कल्याण के मुख्यालय को चुपचाप भोपाल स्थानांतरित किये जाने के विरोध में विगत दिवस भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से मुलाकात कर श्रमिकों के कल्याण हेतु बने मध्यप्रदेश एव छत्तीसगढ़ के मुख्यालय को जबलपुर से स्थानांतरित नहीं किये जाने देने के संबंध में ज्ञापन दिया था। श्री पटेल द्वारा विषय को संज्ञान में लेकर कल दोपहर केंद्रीय श्रम रोजगार, पर्यावरण एवं वन मंत्री भूपेंद्र यादव से मुलाकात कर उक्त मुख्यालय को जबलपुर से अन्यत्र स्थानांतरण पर रोक लगाने के संबंध में एवं जलजीवन मिशन दमोह के कार्य मे वाइल्डलाइफ को सम्मिलित किए जाने पर चर्चा की जिस पर केंद्रीय मंत्री द्वारा त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया।

## 31 फुट ऊंचे शिखर पर कलशारोहण महामहोत्सव

# भगवान 1008 श्री महावीर स्वामी प्रतिमा मूल स्थल पर विराजित

**जबलपुर, यश भारत।** प्रमुख जैन तीर्थ स्थल श्री पिसनहारी मढ़िया जी तीर्थ पहाड़ी की तलहटी में स्थित, चौधरी परिवार द्वारा सन 1958 में निर्मित,1008 श्री महावीर स्वामी जिनालय, मन्दिर जी में विगत 3 बर्षो के जीर्णोध्दार पश्चात, सुबह, प्रात: 5 बजे मुनि पुंगव 108 सुधासागर मुनिराज संसंघ के सानिध्य में नव निर्मित वेदिका पर शुद्धि पूजन पश्चात, भगवान 1008 महावीर स्वामी अपनी मूल पीठ पर विराजित किये गए। महावीर मन्दिर जी में विगत 3 वर्षो से चल रहे जीणोउद्वार के कारण मूल नायक, महावीर स्वामी स्थानांतरित किये गए थे, उन्हें पुन: स्थापित करने के लिये मुनि पुंगव 108 सुधासागर जी ससंघ के मंगल सानिध्य में एवं बाल



ब्रह्मचारी प्रदीप, सुयश अशोकनगर, नरेश, रविन्द्र भईया, वर्णी गरुकुल, विनोद भईया एवं बबली दीदी पिसनहारी मढ़िया तीर्थ द्वारा दो दिवसीय याग्मण्डल विधान व हवन पश्चात प्रतिमा जी को अपने मूल स्थान पर वापिस स्थापित करने एवं शिखर पर स्थाई ध्वाजा स्थापित का सौभाग्य संजय- संजीव -हर्ष चौधरी परिवार ने प्राप्त किया, साथ ही इस परम सौभाग्य के अवसर पर नव निर्मित 31 फुट ऊंचे शिखर पर कलशारोहण का सौभाग्य राकेश-अपूर्व सिंघई ज्ञान गंगा शिक्षण परिवार ने प्राप्त किया, वही वेदिका पर विराजित 1008 शांतिनाथ भगवान विराजित करने का सौभाग्य राकेश मुकेश पलाश चौधरी परिवार ने प्राप्त किया एवं छत्र चढ़ाने का सौभाग्य कोमलचन्द, अमित सुमित पड़रिया परिवार ने प्राप्त किया। वही सौधर्म इंद्र के प्रतिष्ठित पद पर मगन कुमार मेडिकल, महायज्ञ नायक-रविकांत, अभिमन्यु सिद्धान्त असाठी, माहेन्द्र इंद्र ए के जैन शुभम जैन, नेहरू नगर, एवं सनत कुमार आराधना ने परम् सौभाग्य अर्जित किया। इस अवसर पर विशेष रुप से ट्रस्ट के महामंत्री राकेश चौधरी, संजय अरिहंत, राजू साईकिल, सुधीर लक्ष्मीज्, कल्लू भाई थैला, राजेश मोदी, सुनील जी पी, सुबोध कामरेड, सहित पिसनहारी तीर्थ ट्रस्ट कमेटी के समस्त ट्रस्टियों का इस दुरूहु कार्य को सम्पन्न करने में भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

# कलेक्टर ने लापरवाह खलरी पंचायत सचिव की लगाई क्लास



## शाम तक बच्चों को राशन नहीं मिला तो निलंबित कर दिए जाओगे

खुलरी ग्राम पंचायत में ग्रामीणों ने बताया कि लक्ष्मी प्रसाद झारिया के भाई और भाभी की मौत हो चुकी है जिसके दो बच्चे है जो जबलपुर के कछपुरा प्राथमिक स्कूल में कक्षा 4 और 5वीं में अध्यनरत है। दोनों बच्चों का नाम गांव से काट दिया गया है जबकि उनका जन्म स्थान यही है। दोनों बच्चे अनाथ है, राशन और कपड़ों के लिए परेशान है। कलेक्टर ने ऐसा सुनकर ग्राम पंचायत सचिव छत्रपाल सिंह को मौके पर बुलाकर जमकर क्लास ली। ग्राम पंचायत सचिव को कलेक्टर ने अल्टीमेटम देते हुए शाम तक दोनों बच्चों की आईडी बनवाने सहित राशन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। ऐसा न करने पर सचिव को निलंबित करने की चेतावनी दी गई।



**जबलपुर, यशभारत। कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी ने आज शुक्रवार को मझौली जनपद की ग्राम पंचायातों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर खलरी ग्राम पंचायत पहुंचे जहां उन्होंने अमृत सरोवरों को निरीक्षण कर कार्यों का जायजा लिया।**

**मझौली जनपद की ग्राम पंचायतों का दौरा कर पौधा रोपण**

### ग्राम पंचायत सचिव की सैलरी कटेगी गणवेश की राशि



मझौली जनपद सीईओ ने बताया कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सचिव को हिदायत देते हुए निर्देश दिए हैं कि दोनों बच्चों की गणवेश में भी खर्चा आएगा उसे सचिव की सैलरी से काटा जाए। दोनों बच्चों को शाम से ही राशन उपलब्ध कराने और आईडी बनाने के निर्देश पंचायत सचिव और अन्य अधिकारियों को दिए गए हैं।



### राजा गोकुलदास धर्मशाला पहुंचे कले      टर

कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी ने सुबह मझौली जनपद पंचायत के ग्राम खलरी एवं मजौली में निमार्णधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण करने के बाद राजा गोकुलदास धर्मशाला पहुँचकर ऐतिहासिक महत्व की इस इमारत के सरंक्षण के लिये स्मार्ट सिटी से किये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया। ग्राम पौड़ा में अमृत सरोवर के निर्माण स्थल पर पौधा भी रोपा। पंचायत के ग्राम खलरी, मजौली एवं पौड़ा में निमार्णाधीन अमृत सरोवरों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पौड़ा में अमृत सरोवर के निर्माण स्थल पर पौधा भी रोपा। इसके बाद ग्राम दर्शेनी में अमृत सरोवर के निर्माण स्थल पर पौधा भी रोपा।

### ननि ने बुल्डोजर चलाकर बदमाश राजा से

# 4 करोड़ 75 लाख की जमीन मुक्त कराई

## पार्क की जमीन पर सुअर बाड़ा–दुकानें बना रखी थी

**जबलपुर यशभारत। जबलपुर में माफिया और आपराधिक तत्वों के अवैध निमार्णों एवं अतिक्रमणों को ध्वस्त करने की कार्यवाही लगातार जारी है।**

जिला प्रशासन द्वारा माफिया विरोधी अभियान के तहत आज शुक्रवार पुलिस एवं नगर निगम के सहयोग से गुरन्दी में करीब साढ़े नौ हजार वगज़ फुट भूमि पर अवैध कब्जा कर किये गये निमाणोज़् को बुल्डोजरों की सहायता से ढहा दिया गया।

नगर निगम के स्वामित्व की पाकज़् के लिये आरक्षित इस भूमि पर अपराधी राजा सोनकर द्वारा कब्जा कर लिया गया था। खसरा नम्बर 5/1 के हिस्से की इस भूमि पर राजा सोनकर द्वारा ऑफिस, सुअर का बाड़ा और दुकान बना ली गई थी।



कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धाथज़् बहुगुणा के निदेज़्श पर की गई इस कायज़्वाही के दौरान अपर कलेक्टर एवं माफिया विरोधी अभियान के नोडल अधिकारी नम: शिवाय अरजरिया मौके पर मौजूद थे। तहसीलदार रांझी श्याम नन्दन चंदेले के अनुसार राजा सोनकर के अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई इस भूमि की कीमत लगभग 4 करोड़ 75 लाख है।

15 प्रकरण दर्ज है राजा सोनकर पर शातिर बदमाश राजा सोनकर निवासी भरतीपुर जिसके विरूद्ध बलवा कर हत्या का प्रयास, बमबाजी, अवैध वसूली, मादक पदार्थ की तस्करी, मारपीट, आदि के 15 प्रकरण दजज़् हैं के द्वारा थाना ओमती अन्तगज़्त बल्ली माकेज़्ट में 9 हजार 500 वगज़् फुट नगर निगम की भूमि जिसकी कीमत 4 करोड़ 75 लाख रूपये है पर 50 लाख रुपए की लागत से निमिज़्त किये गये सूकर पालन केन्द्र, टीन शेड से निमिज़्त दुकानों, आफिस एवं गैरिज जमींदोज करते हुए नगर निगम की भूमि को कराया गया कब्जा मुक्त।



### अमखेरा पंप के सामने युवक को चाकुओं से गोदा

**दो बदमाशों ने पुरानी रंजिश भुनाने दिया वारदात को अंजाम, पीड़ित की हालत नाजुक**

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर में पुरानी रंजिश भुनाने दो आरोपियों ने एक राय होकर युवक को बीच रास्ते रोककर चाकुओं से गोदकर छलनी कर दिया और मरणासन्न हालत में छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिसके बाद आनन-फानन में युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला कायम कर, आरोपियों को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रिंस उर्फ विशाल कुमार 19 वर्ष, लालमाटी घमापुर का निवासी है। दरमियानी रात अमखेरा पेट्रोल पंप के पास साहिल कोल ने अपने एक साथी के साथ मिलकर प्रिंस से गालीगलौच कर दी। जब पीड़ित ने विरोध किया तो जमकर मारपीट करते हुए चाकुओं से ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिसके बाद घायल वहीं बेहोश हो गया। जिसे अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही की सहायता से आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

### महिला यात्री से लूटपाट व मारपीट

## यशवंतपुर-लखनऊ सुपरफास्ट ट्रेन में महिला से लूट



**जबलपुर/कटनी।** यशवंतपुर से लखनऊ के बीच कटनी होकर चलने वाली सुपरफास्ट ट्रेन की शयनयान बोगी में एक महिला यात्री के साथ लूटपाट व मारपीट की घटना प्रकाश में आई है। घटना इटारसी स्टेशन के आसपास बताई जाती है लेकिन घटना की शिकायत ट्रेन के कटनी पहुंचने पर जीआरपी से की गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक यशवंतपुर से लखनऊ जा रही ट्रेन के शयनयान कोच में एक महिला लखनऊ की यात्रा कर रही थी। बताया जाता है कि बोगी में सवार कुछ युवकों ने इटारसी स्टेशन के आसपास महिला का लेडिज पर्स छीन लिया और विरोध करने पर मारपीट की। इसके बाद युवक ट्रेन से उतरकर भाग गए। बताया जाता है कि लेडिज पसज़् में नगदी व जेवर सहित लगभग 40 हजार रूपए कीमती सामान रखा हुआ था। पीड़ित महिला के द्वारा ट्रेन के कटनी पहुंचने पर घटना की जानकारी जीआरपी को दी गई। जीआरपी ने शून्य में अपराध कायम करते हुए अपराध डायरी इटारसी जीआरपी को भेज दी है। वहीं इस मामले की विस्तृत जानकारी लेने जीआरपी कटनी प्रभारी बलराम यादव व थाने में भी संपकज़् किया गया लेकिन घटना की विस्तृत जानकारी किसी के पास नहीं थी।

### जीसीएफ कर्मी ने की युवती से ज्यादती

## 2 साल से कर रहा था शोषण पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** रांझी थाना अंतर्गत एक 27 वर्षीय युवती के साथ ज्यादती का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी जीसीएफ कर्मचारी दो साल से युवती को शादी का झांसा देकर शोषण कर रहा था। थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर, आरोपी को दबोच लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रभा कुमारी (परिवर्तित नाम) ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि जीसीएफ कर्मचारी आरोपी युवक उससे शादी करने का झांसा देकर दो साल से अवैध संबंध बना रहा था। लेकिन जैसे ही उसने शादी करने की बात की तो साफ मुकर गया और पहचानने से भी मना कर दिया। मामला कायम होते ही पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## जिलहरी घाट से किशोरी को किया दस्तयाब

**नाबालिग प्रेमी ने किया था अगवा**

**जबलपुर, यशभारत।** लार्डगंज थाना अंतर्गत घर से अचानक गायब हुई 16 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने जिलहरी घाट से दस्तयाब कर लिया है। मोहल्ले में ही रहने वाला नाबालिग प्रेमी उसे बहलाकर ले गया था और शहर से बाहर लेकर जाने की फिरार में था। लेकिन गठित टीम के द्वारा मिले सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया है। जिसकी कार्रवाई जारी है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि थाना अंतर्गत किशोरी अचानक घर से बिना बताए गायब हो गयी थी। परिजनों ने आसपास पता किया लेकिन कहीं भी पता नहीं चला। जिसके बाद थकहार कर, परिजनों ने थाने में गुहार लगाई। मुस्तैद पुलिस ने प्रकरण दर्ज होते ही आसपास छानबीन की तो पता चला कि गायब किशोरी, अपने नाबालिग प्रेमी के साथ जिलहरी घाट में है। जहां से दोनों को दस्तयाब कर लिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई जारी है।

## दूसरे राज्यों का गांजा खप रहा शहर में

## दो शातिर तस्करों को पुलिस ने दबोचा, 4 लाख का गांजा ज      त

**जबलपुर, यशभारत।** शहर में दूसरे प्रदेशों से गांजे की खेप लगातार पहुंच रही है। जिसकी एक बानगी दरमियानी रात सामने आई। जब एक्सिस बाइक सवार दो तस्कर गांजे की खेप लेकर जा रहे थे, लेकिन तभी हाउसिंग बोर्ड कालोनी के पास खड़ी अधारताल पुलिस को देखकर आरोपी सहम गए और उनके हाथ से एक थैला गिर गया। जिसे उठाते हुए आरोपी तेज रफ्तार से भागने लगे। लेकिन अलर्ट पुलिस ने आरोपियों के इरादे भांपते हुए दोनों का पीछा कर तत्काल दबोच लिया। जिसकी तलाशी लेने पर 28 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों से पूछताछ जारी है।

थाना प्रभारी अधारताल शैलेष मिश्रा ने बताया कि देर रात दौरान पेट्रोलिंग के हाउसिंग बोर्ड कालोनी बैंक आफ बड़ोदा के पास पेट्रोलिंग वाहन के बाजू से एक्सिस क्रमांक एमपी 20 एसव्ही 4742 का चालक अपने साथी को पीछे बैठाकर निकला थोड़ा आगे जाने पर पीछे बैठे व्यक्ति के हाथ से एक थैला नीचे गिर गया तो एक्सिस रोककर थैला उठाकर पुलिस को देखकर दोनों तेजी से गाड़ी में बैठकर भागने लगे। अलर्ट पुलिस ने संदेह होने पर पीछा करते हुये घेराबंदी कर पप्पू उर्फ बालकिशन जैन 43 वर्ष निवासी दीक्षितपुरा, कोतवाली एवं सूरज सेन 32 वर्ष निवासी गोपाल सदन, नटबाबा की गली कोतवाली को दबोच लिया।

### बाइक जब्त, पूछताछ जारी

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे मे रखे तीनों थैलों की तलाशी लेने पर थैलों के अंदर 28 किलो गांजा पाया गया। जिसकी कीमत करीब 4 लाख रूपये है। जिसको जब्त करते हुए एक्सिस वाहन भी जब्त करते हुये कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

## 20 हजार का मोबाइल लेकर बाइकर्स गैंग फरार

### पुलिस खंगाल रही फुटेज

**जबलपुर, यशभारत।** कैंट के यादगार चौक में मोबाइल पर बात करते समय सड़क पर पैदल चल रहे एक युवक का करीब 20 हजार का मोबाइल बाइक सवार युवक छुड़ाकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद युवक आरोपियों की बाइक के पीछे दौड़ा भी, लेकिन पलक छपकते ही आरोपी रफूचक्कर हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकातय पर मामला दर्ज कर, आरोपियों को तलाश करने में जुटी है। जानकारी अनुसार अनूप कश्यप 44 वर्ष निवासी साउथ सिविल लाईन ने पुलिस को बताया कि मिल्क पार्लर की दुकान चलाता है। देर रात सृजन चौक से यादगार चौक की ओर मोबाइल से बात करते हुये घूमते हुये जा रहा था, तभी यादगार चौक के पहले पहुंचा तभी बाइक सवार दो युवक उसके पास से निकले और बात करते समय मोबाइल छुड़ाकर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है।

## खितौला हादसा

## बच्चों के शव उठाने तैयार नहीं थे माता–पिता, भर आई आंखे

**जबलपुर, यशभारत। खितौलाघाट में गुरुवार को एक दर्दनाक हादसे में भाई–बहन की डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खितौलाघाट में पूजन सामग्री विसर्जन करने गई युवती और दो किशोर डूबने लगे। शोर सुनकर लोगों ने एक किशोर को बचा लिया। वहीं एक युवती व बालक की डूबने से मौत हो गई। एक ही मोहल्ले के दो लोगों की मौत के बाद क्षेत्र में मातम का माहौल है।**

जानकारी अनुसार दुर्घटना में सत्यनारायण की कथा में शामिल होने गए 2 परिवारों में एकाएक दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। हादसे में बच्चों की दर्दनाक मौत और अर्थी उठने का ऐसा हृदय विदारक मंजर देखकर मौजूद लोगों के दिल भर आए। सुबह 10 बजे रिश्ते में मामा–बुआ के भाई–बहन की लाश घर पहुंची। सिहोरा के वार्ड क्रमांक 16 का माहौल ऐसा था कि कोई व्यक्ति किसी से बात करने या सुनने की स्थिति में नहीं था। बेटे कृष्णा की लाश घर पहुंची तो मां ने उसे सीने से लगा लिया। रोते–रोते मां बेहोश हो गई, लेकिन उसने दोनों हाथों से बेटे को ऐसा पकड़कर रखा था, कि लोग बच्चे की लाश को अलग करने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। दोनों बच्चों की अर्थी खितौला से मुक्तिधाम के लिए रवाना हुई तो सड़क के दोनों ओर करीब 1 किलोमीटर तक बुजुर्ग, बच्चे और महिलाएं मृत भाई–बहन का एक झलक चेहरा देखने के लिए खड़े थे। इलाके की हर छत लोगों की भीड़ थी। मृतक परिवार का दुख बांटने के लिए सैकड़ों ऐसे लोग पहुंचे जिनका दोनों परिवार से कोई रिश्ता या परिचय नहीं था। खितौला बरा मोहल्ला



के मूल निवासी श्रवण तिवारी त्रिमूर्ति नगर में पत्नी संध्या, बेटी काव्या और बेटे कृष्णा के साथ रहते थे। श्रवण परिवार के साथ खितौला वाले घर में सत्यनारायण की कथा कराने पहुंचे थे। कथा में शामिल होने के लिए उन्होंने अपनी बहन और बहनोई सुनील दुबे को आंमत्रित किया था। जीजा और बहन का मूल निवास सिहोरा है, लेकिन सर्विस में होने के कारण सुनील दुबे अमलाई में रहते हैं। कल वे भी अपने परिवार के साथ श्रवण तिवारी के घर पहुंचे थे। कथा होने के बाद पूजन सामग्री विसर्जन करने हिरन नदी पहुंची सुनील की 17 साल की बेटी आस्था और श्रवण तिवारी का 16 वर्षीय बेटा कृष्णा पानी में डूब गए, जिनकी मौत गई। हादसे में अभय को स्थानीय लोगों ने सुरक्षित पानी के बाहर निकाल लिया था।

## छात्र का लेपटॉप चोरी

## हॉस्टल के कमरे से गायब हुआ 20 हजार का लेपटॉप

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत कॉलेज हॉस्टल से एक लेपटॉप चोरी होने का मामला सामने आया है। छात्र ने आसपास खोजबीन की लेकिन जब लेपटॉप नहीं मिला तो थाने में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि महान गुप्ता पिता अरुण कुमार गुप्ता 22 वर्ष हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। जो कमरे में ही था, तभी कोई शातिर चोर हॉस्टल से 20 हजार का लेपटॉप उड़ाकर चलता बना। पुलिस ने मामला दर्ज कर, आसपास लगे सीसीटीव्ही खंगाल रही है।

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS OF EXPERT HEALTHCARE | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy
Emergency No. 95758 01020
www.shalby.org

# 43 करोड़ में बने सुपर कॉरिडोर का आठ लेन पुल का टुकड़ा टूट कर गिरा, यातायात रोका

### टूटे भाग के नमूने लिए, मुंबई से आ रहा है विशेषज्ञों का दल, करेगा जांच

### आशंका है कि सीमेंट के अधिक उपयोग हुआ



**इंदौर।** सुपर कारिडोर पर बने प्रदेश के पहले आठ लेन पुल का करीब दो फुट लंबा और तीन फुट चौड़ा हिस्सा गुरुवार को टूट कर नीचे गिर गया और पुल के सरिये दिखाई देने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही इंदौर विकास प्राधिकरण के अधिकारी यहां पहुंचे और पुल के एक ओर का यातायात रोक दिया। उन्होंने क्षतिग्रस्त भाग को 28 घंटे में ठीक करने का दावा किया है। पुल क्षतिग्रस्त क्यों हुआ इसकी जांच के लिए मुंबई से विशेषज्ञों का दल भी आ रहा है। अधिकारियों को आशंका है कि निर्माण के दौरान टूटे भाग में ज्यादा सीमेंट का उपयोग हुआ।

पुल के मध्य भाग में यह गड्ढा रेलवे ट्रैक से कुछ पहले हुआ है। मौके पर पहुंचे दल ने गड्ढे के आसपास के 8 फुट लंबे कमजोर हो चुके भाग को भी गिरा दिया और शेड से टूटे भाग को कवर कर दिया। रात के समय कोई वाहन शेड से नहीं टकरा जाए, इसके लिए छह कर्मचारी भी तैनात किए गए हैं।

### विवादों में रहा पुल, लोकायुक्त में चल रही है जांच

सुपर कारिडोर पर बना पुल डिजाइन को लेकर शुरू से ही विवादों में रहा है। 10 साल पहले इसका निर्माण शुरू हुआ था। इसके पिलर टेस्टिंग के दौरान दरार होने के कारण दो साल तक काम अटका रहा। सिंहस्थ के समय अधूरे पुल का काम फिर शुरू हुआ। तब पुल की डिजाइन भी बदली गई थी। इसी बारे में लोकायुक्त में भी शिकायत हुई थी, उसकी जांच भी चल रही है।

### मरम्मत का काम शुरू

पुल क्षतिग्रस्त होने का पता चलने के बाद एक तरफ का यातायात हमने बंद कर दिया है। टूटे भाग की मरम्मत का काम भी शुरू हो गया है। शुक्रवार तक टूटे भाग को दुरुस्त कर दिया जाएगा। पुल क्षतिग्रस्त क्यों हुआ है इसके कारणों की जांच भी की जा रही है।

**-आरपी अहिरवार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, इंदौर विकास प्राधिकरण**

### यह है पुल की खासियत

- 43 करोड़ में बना था ब्रिज
- यह प्रदेश का पहला ऐसा ब्रिज है, जिस पर साइकिल ट्रैक भी है
- एक किलोमीटर से ज्यादा लंबे इस ब्रिज के निर्माण में साढ़े चार साल का समय लगा था
- टेस्टिंग के दौरान ब्रिज के पिलर में क्रेक आने से डेढ़ साल तक ब्रिज का निर्माण रुका रहा

# निमाड़ में होगी बटालियन की स्थापना खरगोन रहेगा केंद्र - नरोत्तम मिश्रा

## पदाधिकारियों को रोकने पर हुआ हंगामा



**खरगोन।** मध्य प्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र ने आश्वस्त किया कि दंगे के मूल कारण क्या हैं और मुख्य आरोपित कौन हैं, उन्हें चिन्हित कर लिया गया है, इस पर जल्द ही बड़ी कार्रवाई होगी। यह बात उन्होंने खरगोन के दौरे पर पुलिस विभाग की समीक्षा करने के बाद पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही।उन्होंने निमाड़ के चार जिलों के लिए एक अलग से बटालियन स्थापित करने की बात कही, इसका मुख्यालय खरगोन रहेगा। साथ ही गृहमंत्री ने खरगोन जिला मुख्यालय पर दो पुलिस थाने बिस्टान नाका व जैतापुर में स्थापित किए जाने की बात भी कही। साथ ही जिले के बड़वाह में एडिशनल एसपी का एक अतिरिक्त पद स्वीकृत करने के बाद भी कहीं। टेरर फंडिंग को लेकर पूछे गए सवाल पर गृहमंत्री ने कहा कि ना तो टेरर रहेगा, न फंडिंग हो पाएगी। जल्द ही प्रभावी कार्रवाई देखने को मिलेगी। प्रदेश के गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्र शुक्रवार सुबह 10-40 बजे जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस पहुंचे। गृहमंत्री के पहुंचने के बाद सर्किट हाउस में परिसर में आ रहे भाजपा जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण इंगले, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रवि वर्मा, सांसद प्रतिनिधि कल्याण अग्रवाल सहित अन्य कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोक लिया। इस बात को लेकर हंगामे की स्थिति बन गई। सर्किट हाउस मुख्य द्वार पर तैनात अजाक एसडीओपी अजय दुबे ने पदाधिकारियों को अंदर जाने से रोका। इस पर पदाधिकारियों ने खासी नाराजगी जाहिर की और अंदर आने से मना कर दिया। हंगामा बढ़ता देख तहसीलदार योगेंद्र सिंह मौर्य और एसडीएम मिलिंद ढोके मौके पर पहुंचे और भाजपा पदाधिकारियों को समझाइश देकर अंदर लाए। करीब 15 मिनट सर्किट हाउस रूकने के बाद जब ग्रह मंत्री पुलिस कंट्रोल रूम के लिए निकल रहे थे, तो पदाधिकारियों ने उन्हें रोककर अपनी आपत्ति दर्ज की।



# शहर के अनेक इलाकों में आज और कल बाधित रहेगी नर्मदा से जलापूर्ति

### दो दिन पानी नहीं मिलने से बढ़ेगा जलसंकट, शहर की करीब छह लाख आबादी होगी प्रभावित

**भोपाल।** शहर के अनेक इलाकों में 27 और 28 मई को नर्मदा से जलापूर्ति बाधित रहेगी। ऐसे में शहर में जलसंकट बढ़ने से छह लाख से अधिक लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि आंधी-तूफान की वजह से गुरुवार को जहानपुर के पास बिजली की 132 केवी की हाइटेंशन लाइन के पांच टावर गिर गए थे। जिसकी वजह से हिरानी स्थित नर्मदा वाटर आपूर्ति प्रोजेक्ट पंप हाउस की बिजली गुल हो गई। इसके लिए बिजली कंपनी 36 घंटे का शट-डाउन लेगी।

### इन इलाकों में नहीं होगी जलापूर्ति

नारियलखेड़ा, टीला जमालपुरा, मानव संग्रहालय क्षेत्र, जहांगीराबाद, बरखेड़ी, बैंक कॉलोनी, वसुंधरा कालोनी, एमपी नगर, शिवाजी नगर, अरेरा हिल्स, राजीव नगर, अर्जुन नगर, सीआइ कालोनी, बोगदा पुल, न्यू सुभाष नगर, अफजल कालोनी, मोमिनपुरा, बाल विहार, अशोका गार्डन, राजेंद्र नगर, सेमरा, चांदबड़, नवीन नगर, डी ग्राउंड, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, जनता क्वार्टर, पंजाबी बाग, शहंशाह गार्डन, गौतम नगर, रचना नगर, कस्तूरबा नगर, अशोका गार्डन, अशोक विहार, सेक्टर-ए, बी एवं अभिरूचि परिसर, पद्मनाभ नगर, विकास नगर, ओल्ड सुभाष नगर, गोविन्द गार्डन, विकास नगर, अन्ना नगर, बावड़ियाकला, मिसरोद, रोहित नगर, इंडस टाउन, सुरेंद्र पैलेस, नारायण नगर, आरआरएल, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, सेंचुरी अपार्टमेंट, साकेत नगर नौ-ए, नौ-बी, मेहष्मी, अरविंद विहार, बागमुगालिया एक्सटेंशन, लहारपुर, पिपलिया पेंदे खां, बरखेड़ा पठानी, आजाद नगर, शक्ति विहार, समन्वय नगर, अवधपुरी, खजूरीकला, न्यू शिवनगर, अलकापुरी, साकेत नगर (चार-ए, चार-बी, चार-सी) क्षेत्र। आनन्द नगर, कोकता ट्रांसपोर्ट नगर, बिजली कॉलोनी, गदियापुरा, जेपी कॉलोनी, अशोक विहार, मानव विहार, बाल विहार, सूर्या कॉलोनी, रतनागिरी, कालीवाड़ी, 50, 60 एवं 100 क्वार्टर, सोनागिरी सेक्टर (ए, बी, सी) प्रकाश नगर, इंद्रपुरी सेक्टर (ए, बी, सी) सतनामी नगर, राजीव नगर सेक्टर-ए, अर्जुन नगर, भारत नगर (जेके रोड) नरेला शंकरी, छत्तीसगढ़ लेबर कालोनी, अयोध्या नगर, मीनाल रेसीडेंसी, गोविंदपुरा एरिया, कोलुआ, झील नगर, सेमरा, कैलाश नगर, कटारा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एवं छात्रावास सहित आसपास की कालोनियों में जलापूर्ति बाधित रहेगी।

# 272 कॉलेज के ई-प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने से बढ़ गई एक लाख 85 हजार सीट

## उच्च शिक्षा विभाग की ओर से यूजी व पीजी कोर्स के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया चल रही है

**भोपाल।** अब प्रदेश के 1272 यूजी व पीजी कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। अभी तक 996 कालेजों के लिए 6,71,705 सीटों के लिए प्रक्रिया शुरू की गई थी। 360 कालेजों ने अपनी प्रोफाइल अपडेट नहीं किया था। इस कारण इन्हें आनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं किया गया। हालांकि दो दिन पहले 272 कालेजों को शामिल कर लिया गया है। इस तरह अब 1272 कालेजों की 8,10,160 यूजी व पीजी की सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इसमें स्नातक में प्रवेश के लिए 6,25,159 सीटों पर पंजीयन हो रहा है। वहीं पीजी में अब सीटें बढ़कर 185001 हो गई हैं। 272 कालेज शामिल होने से एक लाख से अधिक सीटें बढ़ गई है। वहीं पिछले साल 1301 कालेजों के लिए 10 लाख 33 हजार सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया की गई थी। इसमें से करीब साढ़े चार लाख सीटें खाली रह गई थी। वहीं शुक्रवार तक यूजी के लिए कुल 625159 सीटों के लिए 104097 आवेदकों ने पंजीयन कराया है, जबकि




पीजी की कुल 185001 सीटों के लिए 16135 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया है। इस बार प्रदेश के 1272 कालेजों में प्रवेश के लिए अब तक यूजी और पीजी को मिलाकर 810160 सीटों के लिए कुल 1,20, 232 ने पंजीयन कराया है।

### सीबीएसई के विद्यार्थियों को राहत

सत्र 2022-23 की प्रवेश प्रक्रिया में सीबीएसई, आईसीएसई बोर्ड एवं अन्य बोर्ड के विद्यार्थियों के लिए जिनके परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं। ऐसे आवेदकों को संबंधित बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा के तहत प्रथम टर्म में प्राप्त अंक पत्रक की छायाप्रति संबंधित विद्यालय के प्राचार्य से हस्ताक्षर कराकर देना होगा। सीबीएसई के ऐसे आवेदक जिनको संबंधित विद्यालय द्वारा प्रति हस्ताक्षरित पत्रक उपलब्ध नहीं करा रहे हैं, वे प्रथम टर्म के अंकों के लिए वचन पत्र स्वयं अथवा अभिभावक के हस्ताक्षर से अपलोड कर आनलाइन प्रवेश प्रक्रिया में रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। विद्यार्थियों से कहा है कि वे कालेजों में प्रवेश के लिए जल्द पंजीयन कराकर अपनी सीट सुनिश्चित करें। स्नातक स्तर पर पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई और स्नातकोत्तर स्तर पर पंजीयन की 31 मई है। उन्होंने कहा कि प्रवेश के समय डिजिटल माध्यम से केवल एक हजार रुपये राशि जमा कर एडमिशन सुरक्षित करें।

**कालेज की फीस दो या तीन किस्तों में डिजिटल माध्यम से ही जमा करने की सुविधा दी गई है।**

**दीपक सिंह, आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग**



# पांच लाख हितग्राहियों के बैंक खातों में राशि जमा कराएंगे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

**भोपाल।** प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) योजना में आवास प्लस के पांच लाख हितग्राहियों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 28 मई को पहली किस्त जमा कराएंगे। इसके साथ ही स्वीकृति पत्र भी दिए जाएंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल में आयोजित किया जाएगा, जबकि जनपद व ग्राम पंचायतों में भी कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न् जिलों के हितग्राहियों से चर्चा भी करेंगे। भोपाल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के समापन के बाद समस्त ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि संबंधित क्षेत्रों में आवास प्लस के हितग्राहियों के स्वीकृत आवास स्थल पर जाएंगे एवं भूमिपूजन और कलश स्थापना करेंगे। इन कार्यक्रमों में मुख्यमंत्री का बधाई संदेश भी पढ़ा जाएगा। कलेक्टर प्रत्येक कार्यक्रम स्थल के लिए एक प्रभारी अधिकारी नियुक्त करेंगे, जो व्यवस्था देखेंगे। हितग्राही के आवास स्वीकृति स्थल को रंगोली एवं फूलों से सजाया जाएगा। गांव में जितने आवास स्वीकृत हुए हैं, कार्यक्रम स्थल पर उतने दीपक जलाए जाएंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, क्षेत्रीय चैनल एवं इंटरनेट मीडिया के माध्यम से किया जाएगा।

जिलों से अधिक से अधिक व्यक्तियों को कार्यक्रम से जोड़ने के लिए पूर्व पंजीयन किए जा रहे हैं। पंजीकृत व्यक्तियों को उनके मोबाइल फोन पर एसएमएस भेजकर कार्यक्रम की लिंक एवं कार्यक्रम में शामिल होने की सूचना भेजी जा रही है। कार्यक्रम में दो करोड़ व्यक्तियों के पूर्व पंजीयन का लक्ष्य रखा है।

# अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट में सत्यमेव जयते हाउस और कपिल देव हाउस जीते

**भोपाल।** अरेरा प्रीमियर लीग इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता गुरुवार को प्रारंभ हुई। पहले दिन सत्यमेव जयते हाउस और कपिल देव हाउस अपने अपने मुकाबले जीतकर जीत से शुरुआत की। स्थानीय ओल्ड कैंपियन मैदान पर अंडर 14 ग्रुप में वन्दे मातरम् हाउस ने टास जीतकर पहले सत्यमेव जयते को पहले बल?लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। सत्यमेव ने निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट पर 140 रन बनाए। सुजल लालवानी ने 48 रन, रुद्र तेनगुरिया 19 गेंदों पर 33 रन और शौर्य श्रीवास्तव ने 23 गेंदों पर 25 रन की पारी खेली। होमी सोलंकी ने तीन विकेट लिए। जवाब में वन्दे मातरम् निर्धारित ओवर में आठ विकेट खोकर 121 रन ही बना सकी। देवांश चौरे और रुद्र ने दो दो विकेट लिए। रूद्र को मेन ऑफ़ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

### कृष्णा सरीन का हरफनमौला प्रदर्शन

मैच अंडर 16 एज ग्रुप में कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी हाउस के बीच खेला गया। धोनी हाउस ने पहले बल?लेबाजी करते हुए 130 रन बनाए। वैष्णवी गुप्ता ने 47, रुद्र तेनगुरिया ने 20 और अर्जुन शुक्ला ने 18 रन का योगदान दिया। कपिल हाउस के अंश मिश्रा ने तीन और कृष्णा सरीन ने दो विकेट लिए। जवाब में कपिल हाउस ने चार विकेट खोकर 134 रन बना कर मैच जीत लिया। पीयूष सिंह ने 43, समर्थ शर्मा ने 22 और कृष्णा सरीन ने नाबाद 21 रन का योगदान दिया।

धोनी हाउस के सिद्दांत शर्मा ने दो, अर्नव पुंढीर और आयुष तमोलिया ने एक एक विकेट लिए। इससे पहले प्रतियोगिता का शुभारंभ भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर सचिव रजत वर्मा, उपसंचालक खेल जोस चाको, कोषाध?यक्ष सीएस धाकड़, अविनाश पाठक, शांति जैन, अरेरा क्रिकेट अकादमी के मुख्य कोच सुरेश चैनानी, सचिव हेमंत कपूर, शांतनु शर्मा, मुकेश भटनागर, मानसिंह व सुरेश खडसे उपस्थित थे।

# पंजीकृत श्रमिक एवं उनके स्वजनों के लिए खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना दिए जाते हैं 50 हजार रुपये

**भोपाल।** पंजीकृत निर्माण श्रमिक और उनके स्वजन खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना का लाभ लेकर अपना भविष्य बना सकते हैं। यह योजना सरकार द्वारा शुरू की गई है। जिसके तहत लाभ लेने वाले को राशि भी प्रदान की जाती है। इसके लिए श्रमिक और उनके स्वजन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बाद इस योजना का पूरा लाभ ले सकते हैं। इसके लिए जनपद पंचायत, नगर निगम और नगर पंचायत में संपर्क कर लाभ के लिए आवेदन कर सकते हैं। सरकार श्रमिक वर्ग को प्रोत्साहित करने के लिए यह योजना चला रही है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा समय - समय पर विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई जाती हैं। जिनमें श्रमिक और उनके स्वजन भाग ले सकते हैं। भाग लेने के बाद इस योजना का लाभ लेने के लिए वह पात्र हो जाते हैं। यह योजना सिर्फ पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके स्वजनों के लिए ही हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए पंजीयकृत निर्माण श्रमिक अथवा उनके स्वजन ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तथा शहरी क्षेत्र में मुख्य नगरपालिका अधिकारी नगरपालिका परिषद, नगर पंचायत में संपर्क कर सकते हैं। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के तहत 10 हजार से 50 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि दी जाती है। मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल की खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना के नियमों के अनुसार पंजीकृत निर्माण श्रमिक अथवा उनके परिवार के सदस्य को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में चयनित होने पर यह राशि दी जाती है।

# 12वीं की पूरक परीक्षा 20 और 10वीं की 21 जून से

**भोपाल ।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिम) की ओर से 10वीं की पूरक परीक्षा 21 से 30 जून तक और 12वीं की पूरक परीक्षा 20 जून से होगी। पूरक परीक्षा में प्रदेश के 10वीं व 12वीं के एक लाख 96 हजार 461 विद्यार्थी शामिल होंगे। इस वर्ष 10वीं में 99 हजार 710 परीक्षार्थियों को पूरक की पात्रता मिली है, जबकि 12वीं में 96751 परीक्षार्थियों को पात्रता प्राप्त हुई है। इसके अलावा दोनों कक्षाओं के फेल विद्यार्थी जून में आयोजित होने वाली रुक जाना नहीं परीक्षा में भी शामिल हो सकते हैं। इसके तहत 10वीं की परीक्षा चार जून से और 12वीं की सात जून से होगी।

# अच्छी व साफ-सुथरी ट्रेन का खिताब रानी कमलापति-संतरागाछी एक्सप्रेस के नाम

**भोपाल ।** सबसे अच्छी और साफ-सुथरी ट्रेन होने का खिताब अब रानी कमलापति-संतरागाछी एक्सप्रेस के नाम हो गया है। अभी तक यह उपलब्धि शान-ए-भोपाल एक्सप्रेस के नाम थी। रानी कमलापति-संतरागाछी एक्सप्रेस भोपाल रेल मंडल की ट्रेन है, जो रानी कमलापति से संतरागाछी स्टेशन के बीच चलती है। इसमें आधुनिक सुविधा वाले लिंक हाफमैन बुश (एलएचबी) कोच लगे हैं।बता दें कि भोपाल रेल मंडल के स्टेशनों से 14 ट्रेनें शुरू होती हैं। इनमें यह ट्रेन भी शामिल है। जिसका रखरखाव व साफ-सफाई रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के यार्ड में होता है, जो रेलवे के मापदंडों के आधार पर अन्य ट्रेनों की तुलना में अच्छा पाया गया है। इस ट्रेन के बेहतर रैक अनुरक्षण के लिए तीन जून को जबलपुर रेल मुख्यालय में डीआरएम सौरभ बंदोपाध्याय को रेलवे जीएम सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा शील्ड प्रदान की जाएगी। वहीं मंडल के 36 रेलककर्मियों को सामूहिक पुरस्कार, पांच अधिकारी व 13 रेलकर्मियों को व्यक्तिगत पुरस्कार दिए जाएंगे। रेलवे के सुरक्षा, संरक्षा, संकेत एवं दूर संचार, स्क्रैप मैनेजमेंट, जनसंपर्क व बेस्ट रैक (कोचों का समूह) अनुरक्षण के लिए (22172/22171 रानी कमलापति-संतरागाछी-रानी कमलापति एक्सप्रेस को स्वतंत्र दक्षता शील्ड प्रदान की जाएगी। इनमें से जनसंपर्क विभाग को पहली बार अच्छा काम करने के लिए यह शील्ड प्रदान की जाएगी। भोपाल रेल मंडल को मंडलीय टिकट चेकिंग, ऊर्जा संरक्षण व रेल मदद के लिए चार दक्षता शील्ड कोटा रेल मंडल के साथ संयुक्त रुप से दी जाएगी।

# थानों के चार्ली भी निर्धारित स्थान पर होंगे तैनात, नहीं दे पाएगे गलत लोकेशन

**भोपाल।** प्रदेश में पहली बार राजधानी पुलिस डायल 100 की तरह थानों की पुलिस गश्ती दल चार्ली को भी निर्धारित स्थान पर तैनात करने की तैयारी पूरी कर ली है। यह पूरी कवायद वाहन चोरी रोकने के लिए हो रही है। इसके लिए थानास्तर पर उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है। जहां से सबसे अधिक वाहन चोरी होते हैं। खास बात यह है कि चार्ली को अगर थाने से किसी हादसे या आपराधिक घटना की सूचना मिलने पर वह मौके पर भी पहुंचेगी और घटनास्थल से अपना काम निपटाकर वापस अपने स्थान पर आ जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस नया प्रयोग के परिणाम प्रयोग के तौर पर परीक्षण किया गया,उसके परिणाम सकारात्मक आए हैं। राजधानी में इन दिनों पिछले तीन सालों से सबसे अधिक वाहन चोरी की वारदात 2022 में हो रही है। वाहन चोरी की आंकड़ा इस समय पांच माह में पांच सौ के पार पहुंच गया है। शहर से रोजाना वाहन चोरी की वारदात हो रही है। पुलिस की तमाम कोशिश के बाद वाहन चोरी थमने का नाम नहीं ले रही है। इन वारदात को रोकने के लिए अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने शहर के अन्य पुलिस उपायुक्त के साथ मिलकर वाहन चोरी को रोकने के लिए यह नई रणनीति तैयार की गई है। इसमें उन थानों का शामिल किया जा रह है। जहां पर वाहन चोरी की संख्या अधिक है।



### जोन तीन में किया गया प्रयोग

चार्ली को निर्धारित स्थान का चिन्हित कर जोन तीन में प्रयोग किया गया था। जहां के टीलाजमालपुरा, तलैया , हनुमानगंज, कोहेफिजा ,शाहजहांबनाद समेत अन्य थानों में चार्ली का एक निर्धारित स्थान तय किया गया, इस निर्धारित स्थान पर वह ड्यूटी के समय पर तैनात रहे। और किसी दूसरे स्थान पर नहीं गए। इस व्यवस्था के लागू होने के बाद इन थानों में वाहन चोरी की घटनाए काफी कम हुई हैं। इधर, जब निर्धारित स्थान पर तैनात चार्ली को थाना क्षेत्र में किसी घटना या हादसे की जानकारी मिलेगी तो वह उस स्थान पर पहुंचकर मदद करने के बाद वापस अपने स्थान पर आ जाएगे। इससे चार्ली अब अपनी लोकेशन को गलत जानकारी नहीं दे पाएगे। दूसरा थाने से बल पहुंचने से पहले हादसे या किसी आपराधिक घटना पर पहले पहुंच जाएगी।

**राजधानी में अब थानों की चार्ली भी निर्धारित स्थान पर तैनात करने की तैयारी हैं। इसका मकसद वाहन चोरी के अलावा थानास्तर पर हादसा या अपराधिक घटना होने पर पहले पहुंच जाएगी। इससे पुलिस भी सड़क पर नजर आएगी।**

**सचिन अतुलकर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त**

# राष्ट्रीय अध्यक्ष का जबलपुर में होगा ऐतिहासिक स्वागत होगा : वीडी शर्मा

## आगमन की तैयारियों हेतु बैठक सम्पन्न



**जबलपुर।** दुनिया के सबसे बड़े राजनैतिक संगठन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन जबलपुर में होने जा रहा है और यह जबलपुर के साथ ही पूरे महाकौशल के लिए गौरव और हर्ष की बात है कि दो दिन का उनका यहाँ प्रवास होगा और जबलपुर आगमन पर उनका ऐतेहासिक और भव्य स्वागत हो इसकी जिम्मेदारी आप सभी की है, यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साँसद विष्णुदत्त शर्मा ने जबलपुर नगर एवं ग्रामीण के संयुक्त बैठक में रानीताल स्थित संभागीय कार्यालय में कही। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा भारतीय जनता पार्टी देश ही नही दुनिया का ऐसा राजनैतिक संगठन बन गया है जिस पर दुनिया के अलग अलग देशों के लोग अध्ययन कर रहे है और कुछ समय पूर्व 17 देशों के राजदूतों ने हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से दिल्ली में भेंट की और हमारी कार्यपद्धति के बारे में जाना, ऐसे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष का मप्र में तीन दिवसीय संगठनात्मक दौरा हो रहा है जिसमे से दो दिन वह जबलपुर के प्रवास में रहेंगे और ऐसे समय मे जबलपुर के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि उनकी आगवानी के साथ ही कार्यक्रमों का स्वरूप भव्य हो।

प्रदेश अध्यक्ष श्री वीडी शर्मा ने कहा हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के आह्वान पर हम युवाओ को जोड़ने का कार्य संगठन के माध्यम से कर रहे है और इसी क्रम में युवा मोर्चा द्वार यूथ कनेक्ट कार्यक्रम पूरे मप्र में किया जा रहा है इसी तारतम्य में राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के आगमन पर जबलपुर संभाग के सभी 9 संगठनात्मक जिलों लगभग 15 हजार युवाओ को जोड़ा जाएगा जो समाज क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे है इनमें विधि, चिकित्सा, खेल, आंत्रप्रेन्योर, इंजीनियर को आमंत्रित किया जाएगा जिन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष संबोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा आगामी समय मे हमारे सामने पंचायत एवँ नगरीय निकाय के चुनाव है जिनमे हमारे कार्यकर्ता की भूमिका महत्वपूर्ण होगी और और प्रत्येक बूथ पर हमारा कार्यकर्ता चुनाव लड़ेगा और चुनावों में जीत के साथ हम इतिहास बनायेंगे।

साँसद श्री राकेश सिंह ने कहा हम सौभाग्यशाली है कि पांच राज्यो में से बड़े राज्यो में चुनाव में मिली सफलता के बाद हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष जी का आगमन जबलपुर हो रहा है और जब हमारा शीर्ष नेतृत्व हमारे दरवाजे पर आ रहा है तो संस्कारधानी की गरिमा के अनुरूप संस्कारो के साथ उनका भव्य और ऐतेहासिक स्वागत हो इसका प्रयास मिलकर करना होगा। बैठक में संभागीय प्रभारी विधायक शरतेन्दु तिवारी, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक श्री अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री कैलाश जाटव, महानगर जिला प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता, ग्रामीण जिला प्रभारी, नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर, ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी मंचासीन थे। कार्यक्रम में डॉ जितेंद्र जामदार, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, प्रभात साहू, अभिलाष पांडे, एसके मुदद्दीन, राममूर्ति मिश्रा, आंनद बर्नाड, दीपांकर बैनर्जी, सदानंद गोडबोले, राजकुमार मेहता, स्वाति गोडबोले, मनोरमा पटेल, अश्वनी परांजपे, के साथ नगर एवँ ग्रामीण के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष उपस्थित थे।

# नवोदित खिलाड़ी सीख रहे हैं हॉकी की बारीकियाँ

**जबलपुर।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के हॉकी ग्राउंड में खेल युवक कल्याण विभाग के मार्गनिर्देशन में व मार्बल रॉक हॉकी क्लब एवं शासकीय विज्ञान महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन हॉकी प्रशिक्षण शिविर नियमित रूप से जारी है। इस षिविर में 05 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक के बालक-बालिकाएँ भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान बच्चों को हॉकी की बेसिक बारीकियाँ सिखलाई जा रही है जैसे- स्टापिंग, हिटिंग, पुषिंग, ड्रिबलिंग, पेनाल्टी कार्नर, स्कूप, प्लेयिंग पोजीषन के साथ-साथ हॉकी के वर्तमान नियमों एवं मैच खेलने की तकनीक को सिखाया जा रहा है। बच्चों को कोच एल्विन सुशील कुमार, पूर्व रेलवे खिलाड़ी अशरफ अली (मध्यप्रदेश पुलिस) नियमित रूप से प्रतिदिन प्रषिक्षण दे रहें हैं। षिविर के दौरान समय-समय पर अर्जुन अवार्डी सुश्री मधु यादव, वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी हाजी हैदर अली एवं वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी श्री ओंकार दुबे द्वारा अपने अनुभवों का लाभ शिविर में भाग ले रहे बच्चों को दिया जा रहा है।

## स्व.दत्तोपंत ठेंगड़ी स्मृति टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा श्रंखला



# के स्टार महराजपुर बायज और एस ओ टीमें विजयी

**जबलपुर यशभारत।** खमरिया ओलंपिक ग्राउण्ड में खमरिया कामगार यूनियन के तत्वावधान में खेली जा रही स्व.दत्तोपंत ठेंगड़ी टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा अतिथिगण सन्नी शर्मा गुलाब मेहरा और योगेश पाल संदीप चंदेल की उपस्थिति में खेले गए। पहला मुकाबला जेडीए वर्सेस के स्टार के बीच खेला गया। के स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में 89रन 8 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाबी पारी में जेडीए ने 74 रन 10 विकेट के नुकसान पर 9.1 ओवर में पूरी टीम ऑल आउट हो गई ।इसमें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शरद को मिला । दूसरा मुकाबला महाराजपुर बॉयज वर्सेस रीवा वॉइस के बीच हुआ। महाराजपुर बॉयज ने टॉस जीतकर बैटिंग कर निर्धारित 8 ओवर में 77/5 रन का लक्ष्य दिया ।जवाबी पारी मे रीवा वॉइस ने 57/2 रन 8 ओवर में बनाए ।मैन ऑफ द मैच रचित को दिया गया। तीसरा मुकाबला एसओ वर्सेस ए3 चैंपियन के बीच हुआ। एसओ ने पहले बल्लेबाजी कर निर्धारित 8 ओवर में 136/2 विकेट के नुकसान पर बनाए। जवाबी पारी में ए-3 चैंपियन 8 ओवर में 57 /2 रन ही बना सकी मैन ऑफ द मैच अजय गोटिया को मिला ।स्कोरिंग शेख सरफराज प्रभु पांडे ने की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में कामगार यूनियन के रुपेश पाठक राजेंद्र चढ़ारिया राकेश शर्मा जी प्रेम लाल सेन अरुण मिश्रा कृष्ण कुमार शर्मा लाल बहादुर राय दीपक सैनी विजय भावे अजय दीक्षित मोहित बनौधा विक्रम सिंह पंकज मिश्रा आदि का योगदान रहा।

## लक्ष्य के पदाधिकारियों को दो टूक जबाब



# सिहोरा जिला का नाम लिए बिना सीएम ने कहा जो नही हो सकता उसे मत कहे

**सिहोरा, ( यशभारत )।** भोपाल में मुख्यमंत्री आवास पर जैसे ही लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से सिहोरा जिला की बात की,मुख्यमंत्री ने दो टूक सिहोरा जिले का नाम लिए बिना कहा जो नही हो सकता उसे मत कहे उनके इस बयान से और सिहोरा जिला का नाम तक न लेने से उस मिंथक को भी बल मिला है की जो मुख्यमंत्री सिहोरा जिला का नाम लेता है वो पद पर नही रह जाता ।समिति के सदस्य बाबजूद इसके अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखते रहे पर मुख्यमंत्री के रवैये में कोई परिवर्तन नही आया ।इस मुलाकात के दौरान सिहोरा विधायक नंदनी मरावी और सिहोरा के अनेक भाजपा नेता मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री के बयान से लोगो में आक्रोश**

### फिर भी ज्ञापन सौंपा

मुख्यमंत्री के सिहोरा के प्रति ऐसे रवैये की किसी को भी उम्मीद न थी। प्रारंभ में ही न करने के बाबजूद समिति ने अपना पक्ष मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के समक्ष रखा ।समिति ने अपने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि 2001 से 2003 के मध्य सिहोरा को जिला बनाने की समस्त विभागीय प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है और यथाशीघ्र सिहोरा में कलेक्टर और एस पी की पदस्थापना की जाए ।समिति ने अपने ज्ञापन में यह भी बताया कि सिहोरा को जिला बनाने में शासन को वर्तमान में कोई व्ययभार नही आएगा।

### तीव्र आंदोलन की घोषणा

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के विकास दुबे,अनिल जैन, सियोल जैन,मानस तिवारी,सुशील जैन,अमित बक्शी ने मुख्यमंत्री के सिहोरा के प्रति ऐसे रवैये को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि सिहोरा ने विधानसभा और लोकसभा में भाजपा को लगातार 18 वर्षो से अपना मत दिया पर भाजपा के लिए सिहोरा केवल एक सुरक्षित क्षेत्र के सिवा कुछ नही है ।समिति ने अपने संकल्प को दोहराते हुए घोषणा की कि सरकार को सिहोरा को जिला बनाना ही पडेगा जिला का आंदोलन तेज किया जाएगा और जब तक सिहोरा जिला नही बन जाता आंदोलन जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री से वार्ता के दौरान समिति के अनिल जैन, मानस तिवारी ,विकास दुबे, सियोल जैन, अमित बक्शी, सुशील जैन के साथ सिहोरा विधायक नंदनी मरावी, शिशिर पांडे, माधव मिश्रा,सत्य प्रकाश खरे, प्रशांत परौहा, अभिषेक परौहा, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, अंकित तिवारी ,नीरज पांडे,प्रवीण कुररिया मौजूद रहे।

## मध्यप्रदेश के सह प्रभारी ने कैंट विधानसभा के पदाधिकारियों की बैठक ली

# चुनाव के लिए कांग्रेस पूर्णता तैयार: मित्तल



**जबलपुर।** शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को सदर स्थित कॉफी हाउस में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा कैंट विधानसभा पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मध्यप्रदेश के सह प्रभारी सी. पी. मित्तल ने कांग्रेस जनों से कहा कि संगठन को वार्ड और बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में जुट जाएं और आने वाले स्थानीय निकाय के चुनाव में पार्टी की जीत के लिए एकजुटता से जुड़ने की आवश्यकता है। इसके पहले श्री मित्तल का स्वागत शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने किया। इस मौके पर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा एवं केंट कांग्रेस कमेटी के नेता अभिषेक चौकसे(चिंटू) ने भी अपने विचार रखे और कहा कि पहले की अपेक्षा अब कांग्रेस कमेटी में वार्ड और बूथ स्तर पर संगठन मजबूत हुआ है, जिसके चलते पिछले दिनों महंगाई और बेरोजगारी को लेकर आयोजित किए गए प्रदर्शनों और घर-घर चलो अभियान में भाजपा की जन विरोधी नीतियों को जनङ्कजन तक पहुंचाने का काम किया गया। जिसका असर आने वाले दिनों में होने वाले स्थानीय निकाय के चुनाव और साल 2023 में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान देखने को मिलेगा और जनता का समर्थन कांग्रेस प्रत्याशियों को मिलने वाला है। बैठक के दौरान कांग्रेस के विंग अध्यक्ष, प्रकोष्ठ अध्यक्ष, विभागों के अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारीयों ने भी अपने सुझाव और विचार रखें एवं कांग्रेस की एकजुटता का संकल्प दोहराया। शहर(जिला)कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नू ने बताया कि श्री मित्तल तीन दिवसीय प्रवास पर पहुंचे हैं, जो 27 मई को पनागर में पार्टी जनों की बैठक लेंगे इसके अलावा शाम को कैंट विधानसभा के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की पुन: बैठक लेंगे। 28 मई को सिहोरा में श्री मित्तल कांग्रेसजनों की बैठक लेंगे। इस दौरान पंचायत चुनाव को लेकर जरूरी दिशा निर्देश देंगे और पार्टी प्रत्याशियों की मजबूती और उनकी जीत का मंत्र भी दिया जाएगा। 28 की शाम को पुन: कैंट विधानसभा के ब्लॉक के कांग्रेस जनों से मुलाकात करेंगे। इसके पहले सर्किट हाउस नंबर 2 में कांग्रेसजनों से मुलाकात का दौर श्री मित्तल के साथ जारी रहा। बैठक में अभिषेक चौकसे(चिंटू),सतीश तिवारी, रेखा जैन, विजय रजक, डॉ. राजेंद्र पिल्ले, येतेंद्र सोनी, शुशीला कनौजिया, शोभा उपाध्याय, अमर चंद वावरिया, राजेश यादव, किरण ठाकुर, राजीत यादव, राकेश श्रीवास्तव, शिवम यादव, पप्पू कुशवाहा, मोहम्मद आज़ाद, कीर्ति सिंह सूर्यवंशी, मोनिका सिंह, रीना विश्वकर्मा, हिमांशु, कमल चौधरी, सुरेंद्र यादव, मनीष बेन, मनोज लोधी, विजय पाण्डे, राकेश चक्रवर्ती, अमित दिवेदी, मीनाक्षी स्वामी, उमेश पटेल, प्रकाश सोनी, सुनील कुमार जैन, अनिल बावरिया, पुरुषोत्तम नामदेव, पलाश मजूमदार, अरविंद उपाध्याय, राजकुमार, उमेश पटेल, पवन कनौजिया, सुरेंद्र पटेल, प्रमोद तिवारी, जब्बार अंसारी, आदि कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।



# परशुराम धाम ग्वारीघाट में गुरुवार महाआरती

**जबलपुर।** परशुराम धाम ग्वारीघाट में गुरुवार को महाआरती हुई। जिसमें धनंजय बाजपेई पं. रावेन्द्र तिवारी, सुधाकर मिश्रा चंद्रशेखर शर्मा ,पं मुन्नालाल दुबे मौजूद रहे। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि सनातन धर्म सदैव परोपकार की भावना पर आधारित जिसमें काम क्रोध मोह,लोभ, व्यक्ति को हमेशा सतर्कता के साथ दूर रहना चाहिए मानव, सेवा एवं सामाजिक व राष्ट्र निर्माण में सदैव तत्पर रहना चाहिए




## निर्देशक साजन अग्रवाल की नवीनतम प्रस्तुति हिंदी वीडियो एल्बम एक लड़की

**एजेंसी।** फिल्मी क्लैप प्रोडक्शन हाउस के बैनर तले निर्देशक साजन अग्रवाल के निर्देशन में बनने वाली हिंदी वीडियो एल्बम एक लडकी का एक गीत संगीतकार सुमित साहा के संगीत निर्देशन में ऋषभ गिरी के स्वर में कृष्णा स्टूडियो (मुम्बई) में रिकॉर्ड कर लिया गया है। इस गीत को लिखा है साजन अग्रवाल ने ।इस वीडियो एल्बम को गुरुजी कैलाश रायगर प्रोड्यूस कर रहे हैं। निर्देशक साजन अग्रवाल के निर्देशन में निर्मित माँ ओ माँ जो बॉलीवुड में अदाकारा मंदाकिनी की वापसी का प्रतीक है। इसके बाद एक लडकी उनकी नवीनतम प्रस्तुति है। 2010 से संगीत के क्षेत्र में सक्रिय असम की धरती से जुडे युवा संगीतकार सुमित साहा ने इस हिंदी वीडियो एल्बम के लिए आमलीक से हट कर कर्णप्रिय संगीत दिया है। इस लव ट्राएंगल संगीतमय स्टोरी में रूचि गुर्जर, अमन वर्मा और जुबिन साहा नजर आएंगे। गाने की शूटिंग मुंबई की खूबसूरत लोकेशन पर की जाएगी। 2022 के अंत से पहले दर्शकों को इस इमोशनल बॉलीवुड सॉन्ग का शानदार ट्रीट मिलेगा।

## अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश

# महाप्रबंधक ने किया अनेक कार्यों का निरीक्षण

**जबलपुर यशभारत।** भारतीय रेलवे में नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण कार्य को तीव्र गति से किया जा रहा है। इसी कड़ी में ललितपुर-सिंगरौली कुल 541 किमी की नई रेल परियोजना के निर्माण कार्य की प्रगति बहुत तेजी से चल रहा है। जिसके अंतर्गत ललितपुर-खजुराहो (229 किमी) रेलखण्ड के मध्य कार्य पूर्ण कर कमीशन कर लिया गया है। गौरतलब है कि रीवा-सीधी (87 किमी) नई रेल लाइन परियोजना का निर्माण कार्य पश्चिम मध्य रेल पर चल रहा है। रीवा-सीधी नई रेल लाइन परियोजना के मध्य सिलपारा, गोविन्दगढ़, बघवर, रामपुर एवं चुरहट रेलवे स्टेशन बनाये जा रहे है। पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने मुख्यालय से मुख्य प्रशानिक अधिकारी निर्माण एवं अपर मण्डल रेल प्रबंधक जबलपुर के साथ सतना-रीवा खण्ड से आगे बढ़ते हुए रीवा स्टेशन से आगे बने पुल आरओबी (रोड ओवर ब्रिज) के कार्य का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने नई रेल लाइन परियोजना के रीवा से बघवर (32 किमी) रेलखण्ड पर स्थित मेजर रेल पुलों एवं आरओबी (रोड ओवर ब्रिज), टनल तथा सिग्नल प्रणाली एवं समपार फाटकों इत्यादि के चल रहे कार्य का सघन निरीक्षण किया तथा अधिकारियों से विस्तार से चर्चा के दौरान निर्माण में शेष कार्यो में तेजी लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिसके अंतर्गत रीवा-गोविंदगढ़ नयी रेल लाइन परियोजना जिसकी लम्बाई 20 किमी का भी निरीक्षण किया। इस रेल लाइन मे चल रहे टनल के कार्य जिसकी लंबाई 3.35 किमी है तथा केनाल क्रोसिंग का भी गहनता से निरिक्षण किया। सिलपारा, गोविंदगढ़ एवं बघवर रेलवे स्टेशनों में चल रहे कार्यों को



देखा एवं संबंधित अधिकारियों से कार्य को गति देने के संबंध में चर्चा की। महाप्रबंधक ने बघवर स्टेशन पर प्रस्तावित बड़े ब्रिजों की विस्तृत जानकारी हासिल की और कार्य को गति देने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

### सतना स्टेशन को भी देखा

इसके बाद महाप्रबंधक ने सतना रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। जहां गर्मियों के सीजन को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के वॉटर नलों एवं कुलर्स को भी परखा। सतना स्टेशन पर प्रस्तावित दूसरी एन्ट्री गेट तथा दो और चार पहिया वाहनों के लिए पार्किंग के विस्तारीकरण पर भी चर्चा हुई। इसके अलावा सतना स्टेशन पर साफ-सफाई को और बेहतर करने के लिए आयश्यक दिशा-निर्देश दिए। सतना स्टेशन पर अत्याधुनिक प्रतीक्षालय आरओएमटी (रेनोवेशन, ऑपरेशन, मेंटेनेंस एवं ट्रांसफर) के अंतर्गत उन्नत किया जा रहा है इसके कार्य के प्रगति को तेजी से करने के निर्देश दिए। इस निर्माण कार्य में सभी प्रकार के इंजीनिरिंग मापदंडों एवं भौगोलिक सरंचना के अनुसार प्रत्येक गतिविधियों पर अतिरिक्त ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे के विकास में नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण कार्य में पश्चिम मध्य रेल हमेशा अग्रणी रहा है।

# तेंदूखेड़ा नगर परिषद् के सभी वार्ड रहेंगे पूर्ववत्त


**तेंदूखेड़ा यभाप्र।** गत दिवस जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में नगर परिषद् तेंदूखेड़ा के 15 वार्डों की हुई आरक्षण प्रक्रिया के तहत लगभग सभी वार्ड पूर्व की भांति आरक्षण में रखे गये है। जिनमें वार्ड क्र. 01 भगतसिंह वार्ड अन्य पिछडा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 02 नेताजी सुभाषचंद्र बोस अनारक्षित महिला, वार्ड क्र. 03 विवेकानंद वार्ड अनारक्षित, वार्ड क्र. 04 वीर शिवाजी अनारक्षित, वार्ड क्र. 05 महाराणा प्रताप वार्ड अनुसूचित जाति महिला, वार्ड क्र. 07 रानी लक्ष्मीबाई अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्र. 07 चंद्रशेखर आजाद अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड क्र. 08 रामप्रसाद बिस्मिल अनारक्षित महिला, वार्ड क्र. 09 वीर सावरकर अनारक्षित, वार्ड क्र.10 बाल गंगाधर तिलक अनारक्षित महिला, वार्ड क्र. 11 भीमराव अम्बेडकर अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड क्र. 12 दीनदयाल उपाध्याय अनारक्षित महिला, वार्ड क्र. 13 सरदार बल्लभ भाई पटैल अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड क्र. 14 डेलनशाह वार्ड अनुसूचित जनजाति मुक्त, वार्ड क्र. 15 महात्मा गांधी अनारक्षित निर्धारण किये गये है।

### युवा मोर्चा ने बनाये वार्डों के अध्यक्ष

विगत दिनों भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पं, अभिलाष मिश्रा की सहमति से जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष चांवरपाठा युवा मोर्चा मंडल चांवरपाठा तथा नगर अध्यक्ष युवा मोर्चा प्रशांत घोषी के द्वारा नगर परिषद के सभी 15 वार्डों में अध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। जिनमें वार्ड क्र. 1 सौरभ विश्वकर्मा वार्ड क्र. 2 अंशुल सेन वार्ड 03 विपिन साहू वार्ड 4 नीतेश प्रजापति वार्ड 05 विकास कोरी वार्ड 06शिवम खटीक वार्ड 07 आकाश पटेल वार्ड 08 आनंद विश्वकर्मा वार्ड 09 हसीब खान वार्ड 10 राजेंद्र रैकवार वार्ड 11 संजय पटवा वार्ड 12 सुगम मेहरा वार्ड 13 जितेन्द्र पटेल वार्ड 14 मोहन काछी वार्ड 15 हेमराज पटेल को नियुक्त किया गया है।

# साइकल प्योर अगरबत्ती ने पेश कीं अगरबत्तियों की हेरिटेज और फ्लूट रेंज

**इंदौर(यशभारत)।** दुनिया की सबसे बड़ी अगरबत्ती निर्माता साइकल प्योर अगरबत्ती ने अगरबत्तियों की हेरिटेज और फ्लूट रेंज पेश की हैं। कंपनी ने उत्पाद विस्तार और नवाचार की अपनी रणनीति के तहत आज इंदौर में एक कार्यक्रम के दौरान यह रेंज उतारीं। साइकल प्योर अगरबत्ती के प्रबंध निदेशक अर्जुन रंगा ने पारंपरिक भारतीय कला शैलियों से प्रेरित हेरिटेज रेंज और फल तथा फूलो की सुगंध वाली फ्लूट रेंज से पर्दा हटाया ।हेरिटेज अगरबत्तियों की नई रेंज असली बेस बत्ती का उपयोग कर पारंपरिक तरीके से बनाई गई हैए जिसका उद्देश्य मधुबनी लोक कलाए वारली लोक कलाए संथाल आदिवासी कला और सांझी लोक कला जैसी प्राचीनए सुंदर भारतीय कला शैलियों को पुनर्जीवित तथा संरक्षित करना है। हरेक पैकेट खरीदने पर इन धरोहर शैलियों के कलाकारों की सहायता होती है ।फ्लूट अगरबत्तियों की आकर्षक रेंज हैए जिसे फलों और फूलों की सुगंध से तैयार किया गया है। इसमें अमरसिया, गुलबिया, लावणीए पुष्प, फल, निंबूरी, कोकोनीर और शिवली समेत 9 खुशबू हैं ।इस मौके पर साइकल प्योर अगरबत्ती के प्रबंध निदेशकअर्जुन रंगा ने कहा, एक ब्रांड के तौर पर हम अपनी सुगंधों के जरिये भारत की मौजूदा और आने वाली पीढ़ियों को उम्मीद तथा प्रेरणा देने की तथा दुनिया भर में अपने लाखों उपभोक्ताओं को बढ़िया उत्पाद देने की कोशिश करते हैं। हमारा मकसद हेरिटेज रेंज की अगरबत्तियों के जरिये मधुबनीए वारलीए संथाल और सांझी की भव्य और पारंपरिक कला शैलियों को बचाए रखने में मदद करना है। दूसरी ओर फ्लूट रेंज प्रकृति की संपदा और उसके फलों.फूलों से प्रेरित हैए जिसकी खुशबू हमारे ग्राहकों के दिलों तथा घरों को नई ऊर्जा देगी ।साइकल के उत्पादों में इस्तेमाल होने वाली सभी सामग्री उचित तरीके से तथा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्राप्त की जाती है। इसके उत्पादों के निर्माण के दौरान बनने वाला समूचे कार्बन की भरपाई कर दी जाती है क्योंकि कंपनी को जीरो कार्बन विनिर्माता का प्रमाणपत्र मिला है।




# जबलपुर महिला कांग्रेस कार्यकारिणी की घोषणा

## कमलेश यादव- जबलपुर शहर,अलका डेंगरे-जबलपुर ग्रामीण अध्यक्ष , गीता शरत तिवारी को प्रदेश महामंत्री बनाया

**जबलपुर, यशभारत।** अभा महिला कांग्रेस की कार्यवाहक अध्यक्ष सुश्री नेट्टा डिसूजा ने मप्र महिला कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला-शहर महिला कांग्रेस अध्यक्षों की सूची को अनुमोदित कर मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस पदाधिकारियों और जिले में जिला और शहर महिला कांग्रेस अध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा की है। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष विभा पटेल ने बताया कि महिला कांग्रेस में जिन पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। उसमें राजलक्ष्मी नायक, यास्मीन शेरानी,उषा चैधरी, गीता मिश्रा, उर्मिला त्रिपाठी, रमा चैहान, गीता शरद तिवारी, इंदिरा पाठक तिवारी, बीना भारद्वाज, प्रतिभा तोमर, निषा सिंह पटेल, नीलम सिंह परिहार, मीना वर्मा, फरजाना खान, अंबिका पाठक, नीलम गांधी, लक्ष्मी जाट, सीमा समाधिया, विजेता चैहान, सबिस्ता जक्की, रेखा जैन, उमा धुर्वे, शशि यादव, रचना जगताप, रमा दुबे, बसंती कोल, गीता सिंह परिहार, रीना बोरसी, मनीषा अवस्थी, शोभा सिंघई, राजकुमारी गुर्जर, सपना चैरसिया, मीना मालवीय, मंजू मिश्रा, किरण जिरेती, शीतल राजपूत, जरीना जलीवाला, पूर्णिमा तिवारी, प्रमिला सिंह राजपूत, सविता अग्रवाल, कुमुदनी सिंह, राखी परमार, जया ठाकुर, नीमा गौर, अनीमा उबेजा, रानू दशरथ पटेल, अमिता सिंह, शाहाना हसन, रुचि राय गुप्ता, अंजू जायसवाल, अहिल्या भालेराव, तान्या सोलोमन, सुनीता सकरगाये को महिला कांग्रेस में प्रदेश महामंत्री बनाया गया है। वहीं शशि मिश्रा, आशा राय, सावित्री धुर्वे, बेलकिस जहां, रंजना शर्मा, रशीदा मुस्तफा, माधवी मिश्रा, पवित्रा कौर, रजुबेन चैहान, रूपा उरेती, अंजू जाटव, विभा श्रीवास्तव, प्रीति गौतम, गीता सिंह लोधी, शाकुन्तला धुर्वे, लता देवरे, भारती बाथम, मीना सिंह चैहान, डॉ.. आकृति प्रसाद, पूर्णिमा पांडेय, अस्मा मोहनी, आरिफा खान, भावना रोहन, मंजू राज, सुधा दुबे, संजू जाटव, मीना यादव, रजनी दुबे, खुर्शीद अंसारी, निदा खान, फरीदा खान, पल्लवीराज सक्सेना, हीरा परस्ते, सुनीता तोमर, रसिका डेरिया, माया चैधरी, नीलू शुक्ला, नीलू दुबे, संजय कथोरिया, श्यामवती कोरचो, निशा चैहान, माया राजेश त्रिवेदी, सारिका आलोक आर्य, सेना पटेल, अनीता गडरिया, रमा बुंदेला, वदना श्रीवास्तव, मांडवी कुमारी, रमा जायसवाल, यशोदा पांडे, प्रमिला मरावी, अंकिता किंग, श्यामा तोमर, सरला दासी, उपासना सिंह यादव, निधि शर्मा, श्वेता पाल, रचना कुशवाहा को महिला कांग्रेस में प्रदेश सचिव बनाया गया है।

# ट्रेलब्लेजर्स से हारकर भी फाइनल में पहुंची वेलॉसिटी



महिला टी-20 चैलेंज के तीसरे मुकाबले में ट्रेलब्लेजर्स ने वेलॉसिटी के खिलाफ 16 रन से जीत हासिल की। रोमांचक मुकाबले में स्मृति की टीम ने आखिरी के ओवरों में शानदार गेंदबाजी के दम पर जीत अपने नाम की। हालांकि जीत के बावजूद ट्रेलब्लेजर्स की टीम फाइनल में पहुंचने में नाकाम रही। जबकि वेलॉसिटी की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पहली बार फाइनल में पहुंचने में सफल रही। वेलॉसिटी अब खिताबी मुकाबले में सुपरनोवाज से भिड़ेगी। पुणे के एमसीए स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में ट्रेलब्लेजर्स ने 190 रन के स्कोर का सफलतापूर्वक बचाव किया और वेलॉसिटी को 174 रन पर ही रोक दिया।

### वेलॉसिटी ने बनाए 174 रन

ट्रेलब्लेजर्स के 191 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेलॉसिटी की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। टीम ने पांच ओवर में 50 के स्कोर पर अपने सलामी बैटर्स के विकेट गंवा दिए। शेफाली वर्मा 15 गेंदों में 29 रन बनाकर आउट हुईं तो वहीं यास्तिका भाटिया 15 गेंदों में 19 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। वेलॉसिटी ने पावरप्ले यानी शुरू के छह ओवर में दो विकेट खोकर 68 रन बनाए।

## सुपरनोवाज से होगी खिताबी भिड़ंत

किरण नवगिरे और लॉरा वुलफ़ार्ट ने मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और टीम के स्कोर को 100 के पार पहुंचाया। दोनों ने मिलकर तीसरे विकेट के लिए 30 गेंदों में 55 रन की साझेदारी की। वुलफ़ार्ट 16 गेंदों में 17 रन बनाकर आउट हुईं। किरण नवगिरे ने 25 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने अपनी अर्धशतकीय पारी के दौरान चार चौके और इतने ही छक्के लगाए। वेलॉसिटी ने 16 ओवर में पांच विकेट खोकर 150 रन बना लिए थे और उसे जीत के लिए 24 गेंदों में 41 रन की दरकार थी। लेकिन नवगिरे 17वें ओवर में 34 गेंदों में 69 रन बनाकर डंकली की गेंद पर कैच आउट हुईं। इसके बाद टीम की कोई भी खिलाड़ी ज्यादा देर तक टिक नहीं पाईं। वेलॉसिटी की टीम आखिरी 24 गेंदों में चार विकेट खोकर 24 रन ही बना पाई और मैच गंवा बैठी।

### ट्रेलब्लेजर्स ने बनाए 190 रन

वेलॉसिटी की कप्तान दीप्ति शर्मा ने टॉस जीतकर ट्रेलब्लेजर्स को बल्लेबाजी का न्योता दिया। ट्रेलब्लेजर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। उन्हें केट क्रॉस ने सिमरन बहादुर के हाथों कैच कराया। एस मेघना और जेमिमाह रोड्रिग्स ने इसके बाद मिलकर मजबूत साझेदारी की। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 72 गेंदों में 113 रन की साझेदारी हुई। इस दौरान



मेघना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 32 गेंदों में अपना अर्धशतक भी पूरा किया। वह टूर्नामेंट में डेब्यू में अर्धशतक लगाने वाली दूसरी बल्लेबाज बनी गईं। दूसरे छोर पर जेमिमाह रोड्रिग्स ने भी 36 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। मेघना 15वें ओवर में 47 गेंदों में 73 रन बनाकर आउट हुईं। उन्हें स्नेह राणा ने क्रॉस के हाथों कैच कराया।

रोड्रिग्स ने इसके बाद हेली मैथ्यूज के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया और 15 गेंदों में 31 रन जोड़े। जेमिमाह 44 गेंदों में 66 रन बनाकर आउट हुईं। मैथ्यूज ने फिर सोफिया डंकली के साथ मिलकर 16 गेंदों में तेजी से 32 रन जोड़े। मैथ्यूज 16 गेंदों में 27 और डंकली 8 गेंदों में 19 रन बनाकर आउट हुईं।



# बीच मैदान में विराट से मिलने पहुंचा फैन

### पुलिसवाले की हरकत देखकर हंसी नहीं रोक पाए कोहली

आईपीएल 2022 के एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपर जाएंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच एक कड़ी टक्कर देखने का मिली। कोलकाता के ईडेन गार्ड्स स्टेडियम में खेले गए मैच में बैंगलोर की टीम ने आखिरी ओवर में बाजी अपने नाम की। बारिश की वजह से देरी से शुरू हुए मैच में बैंगलोर के अनकैप्ड खिलाड़ी रजत पाटीदार ने तूफानी शतक लगाया। जबकि गेंदबाजी में जोस हेजलवुड और हर्षल पटेल ने आखिरी के ओवरों में आरसीबी की जीत सुनिश्चित की। दर्शकों से खचाखच भरे स्टेडियम में जमकर रन बने और दोनों टीमों ने मिलकर 400 रन बनाए। इस दौरान छक्के-चौके भी खूब लगे और फैंस ने भी इसका भरपूर मजा लिया। इसी बीच एक प्रशंसक सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए मैदान पर पहुंच गया और विराट कोहली की तरफ भागने लगा। हालांकि, सुरक्षाकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बीच में पकड़ के मैदान से बाहर किया। दरअसन यह पूरी घटना दूसरी पारी में हुई जब लखनऊ की टीम बैंगलोर के 208 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी। विराट कोहली भी बाउंड्री के पास फिल्डिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक फैन बीच मैदान में घुस गया और विराट की तरफ जाने लगा। कोहली भी उससे बचकर भागने लगे। तभी वहां मौजूद पुलिसवाले तेजी से दौड़ते हुए उस व्यक्ति के पास पहुंचे और उसे कंधे पर टांग कर मैदान से बाहर किया। यह देखकर विराट भी हैरान रह गए और अपनी हंसी नहीं रोक पाया। उन्होंनें स्टैंड्स की तरफ देखते हुए पुलिसवाले की नकल भी की।

# आरसीबी से बुलावा आते ही रजत ने टाल दी थी शादी



### जुलाई में रतलाम की लड़की से करेंगे शादी

ईडेन गार्डन स्टेडियम में बुधवार रात जब 28 साल के रजत पाटीदार ने 54 गेंद में 112 रन की नाबाद पारी खेलकर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को एलिमिनेटर की बदकिस्मती से बाहर निकाला तो पूरी टीम इस बल्लेबाज को बधाई देने लगी। आरसीबी इससे पहले 2020 और 2021 में एलिमिनेटर में हारकर आईपीएल से बाहर हो गई थी। रजत ने अपनी इस अविस्मरणीय पारी खेलकर बता दिया है कि वह यहां पर लंबी दौड़ के लिए हैं। रजत आईपीएल के एलिमिनेटर में शतकीय पारी खेलकर पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए हैं। हालांकि, बल्लेबाज रजत को ईडेन गार्डन के मैच में नहीं होना था। बेंगलोर के लिए पिछला आईपीएल खेलने वाले रजत 2022 की मेगा नीलामी में बिके ही नहीं थे। उन्हें इस फ्रेंचाइजी ने रिटेन भी नहीं किया था, लेकिन उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी थी।

### इंदौर में 9 मई को तय थी शादी

फरवरी में आईपीएल मेगा नीलामी में जब रजत को किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था, तो वह थोड़े निराश हुए थे। आईपीएल 2021 में आरसीबी की ओर से खेलते हुए 4 मैचों में 71 रन बनाए थे और इस साल बेंगलोर ने रिटेन नहीं किया था। रिपोर्ट के अनुसार, जब रजत आईपीएल में नीलाम नहीं हुए तो उन्होंने 9 मई को अपनी शादी की तारीख तय कर ली। उनके पिता मनोहर पाटीदार ने बताया कि हमने एक छोटा सा कार्यक्रम तय कर लिया था और उसके लिए इंदौर में एक होटल भी बुक कर लिया था। लेकिन रजत की किस्मत कुछ और ही कह रही थी। आरसीबी के खिलाड़ी लवनीथ सिसोदिया चोटिल हो गए और फिर 3 अप्रैल को बेंगलोर ने 20 लाख रुपये के इस खिलाड़ी को रिप्लेस करके टीम में शामिल कर लिया। टीम में आश्चर्यजनक रूप से शामिल किए जाने के बाद रजत ने अपनी शादी की तारीख आगे बढ़ा दी। अब वह जुलाई में रतलाम की लड़की से शादी करेंगे। मध्य प्रदेश रणजी टीम से खेलने वाले रजत 6 जून से पंजाब के खिलाफ रणजी नॉक आउट चरण में खेलेंगे। उनके पिता मनोहर ने बताया कि मैच के शेड्यूल को देखते हुए जुलाई में बुकिंग कर ली है।

### कोहली ने की युवा खिलाड़ी की तारीफ

रजत ने आरसीबी के लिए इस सत्र में 7 मैच में 156 के स्ट्राइक रेट से 275 रन बनाए हैं। मध्य प्रदेश के इस बैटर ने 39 प्रथम श्रेणी के मैच खेले हैं और सूची ए में 43 मैच और टी-20 में 38 मैच खेले हैं। 112 रन की अविजित पारी खेलने के बाद पूर्व कप्तान विराट कोहली ने खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि रजत की यह पारी किसी आईपीएल मैच में खिलाड़ी द्वारा खेली गई सबसे बेहतरीन पारियों में से एक है। अभी तक मैंने उसे दबाव में देखा था, लेकिन यह सबसे शानदार खेल रहा।

# गुजरात टाइटंस के पक्ष में आईपीएल का ट्रेंड

### भाग्य ने साथ दिया तो हार्दिक की टीम बन जाएगी चैंपियन







स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या की टीम गुजरात टाइटंस आईपीएल के फाइनल में पहुंच चुकी है। उसने क्वालीफायर-1 में राजस्थान रॉयल्स को हराया था। अब खिताबी मुकाबले में उसका मुकाबला राजस्थान और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के बीच होने वाले क्वालीफायर-2 के विजेता से होगा। हार्दिक की टीम इस सीजन में शानदार फॉर्म है। पहली बार आईपीएल में हिस्सा लेने वाली गुजरात की टीम ने अंक तालिका में पहले स्थान पर रहने के बाद फाइनल में सबसे पहले अपनी जगह बनाई। फाइनल मैच में गुजरात के पास बढ़त होगी, क्योंकि यह मुकाबला उसके होमग्राउंड नरेंद्र मोदी स्टेडियम, अहमादाबाद में खेला जाएगा। टीम को तैयारी करने के लिए पांच दिन का समय भी मिल गया। इन सब चीजों के अलावा आईपीएल का ट्रेंड भी गुजरात के पक्ष में है। टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक तीन बार ही क्वालीफायर-1 में जीतने वाली टीम फाइनल में हारी है। 2011 में आईपीएल में प्लेऑफ फॉर्मेट की शुरुआत हुई। उसके बाद से 2013, 2016 और 2017 में ही क्वालीफायर-1 जीतने वाली टीम फाइनल में हारी। 2013 में चेन्नई सुपरकिंग्स, 2016 में आरसीबी और 2017 में राइजिंग पुणे सुपर जाएंट्स के साथ ऐसा हुआ था। बाकी बचे आठ मौकों पर नतीजा क्वालीफायर-1 में जीतने वाली टीम के पक्ष में रहा है।


### आईपीएल रिकॉर्ड

| सीजन | क्वालीफायर-1 की विजेता | फाइनल जीतने वाली टीम |
|---|---|---|
| 2011 | चेन्नई सुपरकिंग्स | चेन्नई सुपरकिंग्स |
| 2012 | कोलकाता नाइटराइडर्स | कोलकाता नाइटराइडर्स |
| 2013 | चेन्नई सुपरकिंग्स | मुंबई इंडियंस |
| 2014 | कोलकाता नाइटराइडर्स | कोलकाता नाइटराइडर्स |
| 2015 | मुंबई इंडियंस | मुंबई इंडियंस |
| 2016 | रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर | सनराइजर्स हैदराबाद |
| 2017 | राइजिंग पुणे सुपर जाएंट्स | मुंबई इंडियंस |
| 2018 | चेन्नई सुपरकिंग्स | चेन्नई सुपरकिंग्स |
| 2019 | मुंबई इंडियंस | मुंबई इंडियंस |
| 2020 | मुंबई इंडियंस | मुंबई इंडियंस |
| 2021 | चेन्नई सुपरकिंग्स | चेन्नई सुपरकिंग्स |

### इस सीजन में गुजरात का प्रदर्शन

गुजरात की टीम की बात करें तो लीग राउंड में उसने 14 में से 10 मैच जीते थे। उसे सनराइजर्स हैदराबाद, पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ हार मिली थी। इन चारों में से बैंगलोर की टीम प्लेऑफ में है। ऐसे में अगर क्वालीफायर-2 को जीतकर बैंगलोर की टीम फाइनल में पहुंच जाती है तो दोनों के बीच रोमांचक मैच देखने को मिल सकता है। गुजरात के पक्ष में आईपीएल का ट्रेंड और आरसीबी के पक्ष में हालिया रिकॉर्ड होगा। वहीं, अगर राजस्थान की टीम फाइनल में जाती है तो गुजरात को मनोवैज्ञानिक बढ़त मिल जाएगी, क्योंकि उसने लीग राउंड में राजस्थान को 37 रन से हराया था।

# KGF 3 का इंतजार कर रहे दर्शकों के लिए खुशखबरी



नई दिल्ली, जेएनएन। साउथ के सुपरस्?टार यश की मूवी %केजीएफ 2 को रिकार्ड तोड़ सफलता मिली थी। इस मूवी ने बाक्स आफिस पर तहलका मचा दिया था। बता दें कि इस मूवी में मौनी राय का एक सान्?ग था जिसे हिंदी वर्जन में शाामिल किया गया था। फिल्म केजीएफ 2 में अभिनेता संजय दत्?त और अभिनेत्री रवीना टंडन को कास्?ट किया गया था। अब खबर आ रही है कि निर्माता केजीएफ 3 के लिए बॉलीवुड के एक बड़े स्टार को लेने का प्लान बना रहे हैं। इसे लेकर रितिक रोशन के नाम की चर्चा जोरों पर है। हाल ही में एक इंटरव्यू में निर्माता विजय किर्गंदुर ने केजीएफ 3 में रितिक रोशन के काम करने की बात कही है। निर्माता विजय किर्गंदुर का कहना है कि हमने अभी तक स्टार कास्ट को लेकर कोई निर्णय नहीं किया है। बता दें कि केजीएफ 3 इस साल नहीं बन रही है। हमने कुछ ंग की है लेकिन प्रशांत नील इस समय सालार में बिजी है, जबकि यश जल्द ही अपनी नई फिल्म की घोषणा करेंगे। हम चाहते हैं कि वे सही समय पर एक साथ आएं, जब वे केजीएफ 3 पर काम शुरू करने के लिए फ्री हों। फिल्म के तीसरे पार्ट को लेकर अभी तक हमारे पास कोई फिक्स्ड डेट या टाइम नहीं है।

### केजीएफ 3 में रितिक रोशन के नाम की चर्चा

निर्माता विजय किर्गंदुर से रितिक रोशन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि डेट्स फाइनल करने के बाद हम मूवी की स्टारकास्ट फाइनल कर पाएंगे। तभी दूसरे एक्टर्स को कास्ट करने की प्रोसेस शुरू होगा। ये सब उस समय उनकी उपलब्धता पर भी निर्भर करेगा। यह सब कुछ इस पर निर्भर करता है कि तीसरे पार्ट का काम कब शुरू होगा। यश की मूवी केजीएफ 2 ने 1227 करोड़ रुपये का वर्ल्ड वाइड कलेक्शन किया था। इस तरह से देखा जाए तो केजीएफ 2 दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी बालीवुड फिल्म है। ज्ञात हो कि फिल्म के हिंदी वर्जन ने 430.95 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। केजीएफ 3 का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसे लेकर काफी एक्?साइटेड भी हैं। दर्शक ये जानने को लेकर उत्?साहित हैं कि निर्माता यश कौन सी मूवी लेकर आने वाले हैं।

# टॉम ने दिखाया बड़े पर्दे पर हैरतअंगेज एक्शन



### रफ्तार और रोमांच और अद्भुत प्रदर्शन

वर्ष 1986 में रिलीज टोनी स्कॉट निर्देशित नौसेना पर आधारित अमेरिकन एक्शन फिल्म टॉप गन नायक की जांबाजी, जिगरी दोस्ती और प्रतिद्वंद्विता की कहानी थी। करीब 36 साल के अंतराल के बाद आई इसकी सीक्वल टॉप गन मेवरिक मूल कहानी को ही आगे बढ़ाती है। मूल फिल्म में नौसेना के साहसी पायलट पीट मेवरिक मिशेल (टॉम क्रूज) की उम्र बीस साल के आसपास थी। आंखों पर चश्मा लगाकर तेज गति से कावासाकी मोटरसाइकिल चलाना हो या फिर आकाश में कलाबाजियां दिखाना उसका कोई सानी नहीं था। अब यह पायलट पचास की उम्र में पहुंच चुका है। उम्र के इस पड़ाव में भी वह पहले की तरह अभिमानी और अवज्ञाकारी है। शुरुआत में एक रोमांचकारी ओपनिंग सीन में हम देखते हैं कि उम्र के इस पड़ाव पर मेवरिक अपनी सीमा से परे जाकर कैसे अपने लक्ष्य को हासिल करता है। नियमों को ताक पर रखने की वजह से आंशिक रूप से सजा के तौर पर उसे प्रतिष्ठित पायलट प्रशिक्षण स्कूल टापगन में लौटने और सर्वश्रेष्ठ और प्रतिभाशाली पायलटों को एक खतरनाक मिशन के लिए प्रशिक्षित करने का आदेश दिया जाता है। उनके प्रशिक्षुओं में युवा पायलट रूस्टर (माइल्स टेलर) भी है। रूस्टर मेवरिक के जिगरी दोस्त निक गूज (एंथनी एडवर्ड्स) का बेटा है, जिसकी मूल फिल्म में उड़ान के दौरान मौत हो गई थी। गूज की मौत का अपराध बोध मेवरिक को सालता रहता है। उसका असर रूस्टर के साथ उसके रिश्ते को प्रभावित करता है। इस वजह से वह रूस्टर को किसी मुश्किल में नहीं पड़ने देना चाहता है। वह मिशन के लिए रूस्टर को चुनेगा इसे लेकर फिल्म में थोड़ा सस्पेंस बनाने की कोशिश की गई है।

टॉप गन – मेवरिक के तीन पटकथा लेखकों में क्रूज की हिट फ्रेंचाइ फिल्म मिशन इंपॉसिबल के लेखक-निर्देशक क्रिस्टोफर मैकक्वेरी भी शामिल हैं। लेखकों ने मूल कहानी को आगे बढ़ाते हुए दो पीढ़ियों के बीच सोच और कार्यशैली का टकराव भी दर्शाया है। फिल्?म के एक्शन सीक्वेंस रोमांचकारी और रोंगटे खड़े करने वाले हैं। यह मूल फिल्?म की याद दिलाते हैं कि जब वीएफएक्स नहीं होता था तो उस दौर में इन्?हें किन मुश्किलों से बनाया गया होगा। फिल्म के कई एरियल दृश्?य मनोभावन है। वहीं मूल फिल्म के कुछ दृश्यों को शामिल करके पुरानी यादों को ताजा करने का प्रयास हुआ है। मूल फिल्म का हिट गाना 'टेक माई ब्रीथ अवे' आज भी यादगार है। इस बार फिल्?म में लेडी गागा का गाना होल्ड माई हैंड है जो उतना प्रभावी नहीं है। क्रूज की पूर्व सह-कलाकार केली मैकगिलिस कहीं दिखाई नहीं देती हैं, लेकिन मेवरिक का एक और प्रेमपूर्ण संबंध बारटेंडर पेनी (जेनिफर कोनेली) से हो जाता है।स्वर्गीय टोनी स्कॉट ने अपेक्षाकृत कम बजट में टॉप गन में आकाश में विमान की कलाबाजियां और नौसेना की कार्यप्रणाली को रोमांचक तरीके से चित्रित किया था। वहीं जोसेफ कोसिंस्की द्वारा निर्देशित टाप गन -मेवरिक आधुनिक तकनीक और वीएफएक्?स की वजह से आकर्षक है। हालांकि इन वर्षों में भले ही कई चीजें बदल गई लेकिन उम्र के इस पड़ाव में भी मेवरिक में युवाओं वाली ऊर्जा है। वह तेज गति से भाग सकता है और किसी भी तरह का विमान उड़ाने में सक्षम है। एक दृश्य में मुश्किल में फंसे मेवरिक और रूस्?टर पुराने विमान में एकसाथ हैं। रूस्टर पुराने विमान को लेकर अचंभित है। वहीं मेवरिक उसे सहजता के साथ उड़ा रहा है। यहां पर प्रतीकात्मक तौर से यह बताने की कोशिश है कि नई चीजों के आने से पुरानी चीजों की अहमियत खत्म नहीं हो जाती। अनुभव और नई सोच चीजों को बेहतर बनाते हैं। फिल्म में विल किलमर भी संक्षिप्त भूमिका में हैं जो मूल फिल्म में आइसमैन के किरदार में थे। अब वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं और गले में कैंसर के कारण ज्यादा बोल नहीं सकते। वह फिल्म को नाटकीय मोड़ देते हैं। संक्षिप्त भूमिका में भी उनकी परफॉर्मेंस यादगार है।

# बीमारी की जड़ तक पहुंचाती है सोनोग्राफी

**बीमारी के उपचार के पूर्व बहुत आवश्यक होता है उसके कारणों का पता लगाना। जिसके लिए रेडियोलॉजी विशिष्ट तकनीक है। यह कहना है शहर के जाने-माने रेडियोलॉजिस्ट डॉ नरेश खरे का। उन्होंने यश भारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में चर्चा करते हुए सोनोग्राफी तकनीक और चिकित्सा के क्षेत्र में होने वाले उसके फायदे पर विस्तार से चर्चा की। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल व अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं। जिसमें सोनोग्राफी किन बीमारियों की जड़ तक पहुंचने के लिए आवश्यक है और यह कब करवानी चाहिए जैसे जनसामान्य के प्रश्नों पर विस्तार से चर्चा की गई है।**




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

शाम 5 बजे प्रसारण

### ऑपरेटर ओरिएंटेड विधा

चर्चा की शुरूआत में डॉक्टर नरेंद्र खरे ने जानकारी दी कि उपचार के पूर्व बीमारी के कारणों का पता लगाना सबसे महत्वपूर्ण होता है जिसके लिए सोनोग्राफी की जाती है जिसमें मशीन उतनी महत्वपूर्ण नहीं होती महत्वपूर्ण होता है उसे चलाने वाला उसके अनुभव और उसकी योग्यता से ही बीमारियों तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पेट की समस्याओं की जड़ को जानने के लिए सोनोग्राफी सबसे कारगर है चाहे लीवर और किडनी हो या फिर कैंसर हो सोनोग्राफी के माध्यम से उस तक पहुंचा जा सकता है। इसके अलावा स्त्री प्रसूति संबंधी समस्याएं और बीमारी के फैलाव और उसके स्तर को जानने के लिए भी सोनोग्राफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### प्रेगनेंसी परीक्षा का महत्वपूर्ण साधन

डॉक्टर खरे ने बताया कि गर्भावस्था के दौरान सोनोग्राफी परीक्षण करने का सबसे अच्छा माध्यम है। जिसमें प्रेगनेंसी कंफर्मेशन से लेकर उन बच्चों के अंग विकास तक की जानकारी मिल जाती है। स्टेप बाय स्टेप इसके माध्यम से यह पता किया जा सकता है कि प्रारंभिक अवस्था में प्रेगनेंसी हुई है या नहीं हुई है यदि हुई है तो किस स्थान पर है। उसके बाद गर्भाशय में बच्चों की संख्या कितनी है वह भी इस विधा के माध्यम से पता चल जाता है ।सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि गर्भ में पल रहा बच्चा किस अवस्था में है कितना विकसित हो रहा है यह जाना जा सकता है । साथ ही सोनोग्राफी के माध्यम से बच्चों के मानसिक विकास के विषय में भी जाना जा सकता है।



**यशभारत के लोकप्रिय कार्यक्र म प्राइम टाईम विथ आशीष शुक्ला में रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर नरेंद्र खरे से विशेष चर्चा**

### डॉक्टर की सलाह से कराएं परीक्षण

सोनोग्राफी कभी भी अपने मन से नहीं करानी चाहिए उसे डॉक्टर की सलाह से ही कराना चाहिए जब तक सोनोग्राफी सही जगह पर नहीं होगी उसके सही परिणाम सामने नहीं आएंगे। डॉक्टर द्वारा बताए गए उचित स्थान और उचित परिस्थिति में ही सोनोग्राफी करानी चाहिए। जिससे बीमारी के वास्तविक कारणों का पता चल सकता है। साथ ही उन्होंने बेड साइड सोनोग्राफी के बारे में बताया कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीज के लिए उनकी पलंग पर ही सोनोग्राफी संभव हो जाती है ।इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि एक बीमारी से जूझ रहा व्यक्ति दूसरी बीमारी से ग्रसित तो नहीं हो रहा उसका पता समय रहते चल जाता है।

### अचानक मिली गंभीर बीमारी

डॉक्टर खरे ने एक पुराना अनुभव साझा करते हुए बताया कि जब वह 90 के दशक में केरल के पालघाट रेलवे अस्पताल में पदस्थ थे उसी दौरान भारत सरकार में मुख्य सचिव रहे एक वरिष्ठ अधिकारी अचानक अस्पताल पहुंच गए और उन्हें जानकारी मिली की यहां नई नई अल्ट्रासाउंड मशीन आई है जिसके बारे में उन्होंने उत्सुकता दिखाई और अपना परीक्षा करने कहा। परीक्षण में उनके फेफड़ों के नीचे रक्त पहुंचाने वाली बड़ी नस के पास एक बड़ा खून का गुब्बारा मिला जो कभी भी फटने की स्थिति में था। जबकि उक्त अधिकारी को किसी भी तरह की कोई समस्या या दर्द नहीं था। जिसके बाद उन्होंने तत्काल उसका उपचार कराया जिसके चलते वह गंभीर बीमारी से उबर सके।

### रेडिएशन का नहीं होता उपयोग

आम लोगों के मन में यह भ्रांति होती है कि सिटी स्कैन एमआरआई और एक्स-रे की तरह सोनोग्राफी में रेडिएशन का योग होता है इसके विषय में डॉक्टर नरेंद्र खरे ने बताया कि सोनोग्राफी में रेडिएशन का उपयोग बिल्कुल भी नहीं होता इस कारण इसका कोई भी दुष्प्रभाव नहीं है। इसे कितनी बार भी किया जाए इससे कोई नुकसान नहीं होता साथ ही उन्होंने बताया कि यह छोटे से छोटे शहरों और कस्बों में भी उपलब्ध है और यह बहुत ज्यादा महंगी भी नहीं है ।जबकि एमआरआई और सीटी स्कैन के कुछ दुष्प्रभाव हैं साथी यह महंगी पड़ती है। जिस कारण प्रारंभिक रूप से बीमारी का पता लगाने के लिए सोनोग्राफी का उपयोग किया जाता है।




## जबलपुर हास्पिटल के सफल 31 वर्ष

### समर्पित भाव से सेवा में जुटी 63 डॉक्टरों की टीम

**जबलपुर (यश भारत)।** जबलपुर के लिए गौरव की बात है कि जबलपुर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर के आज 31 वर्ष सफलतापूर्वक हो गए है अस्पताल प्रबंधन ने पूरे महाकौशल के नागरिकों का आत्मीय धन्यवाद दिया है ।अस्पताल के प्रबंध निदेशक डा.राजेश धीरावाड़ी का कहना है कि जबलपुर उनकी जन्म भूमि है। यहीं खेलकूद और शिक्षा लेकर बड़ा हुआ हूं। लिहाजा अपनी मातृभूमि की सेवा अपना पहला धर्म मानता हूं ।यही कारण है कि आज से 6दशक पहले यहां चिकित्सा सुविधाओं का आभाव था तब इस शहर में आधुनिक तकनीक से युक्त सुविधाओं का विस्तार करने का बीड़ा उठाया। आज 63 डाक्टरों की टीम समर्पित भाव से जुटी है। प्रबंधन ने बताया कि इन 31 वर्षों में जबलपुर के साथ-साथ समस्त महाकौशल के नागरिकों के लिए जबलपुर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर ने बेहतर डॉक्टरों की टीम एवं संस्थान से जुड़े सभी सदस्यों के द्वारा बेहतर सुविधाओं के साथ-साथ बेहतर इलाज ने सभी वर्ग के लोगों का विश्वास और स्नेह अर्जित करने में सफलता प्राप्त की है। सभी बीमारियों से ग्रसित लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ है। बेहतर चिकित्सा प्रबंधन के कारण अस्पताल के प्रबंध निदेशक डा.राजेश धीरावाड़ी राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित हो चुके हैं। बताया कि जबलपुर संस्कारधानी में जबलपुर हॉस्पिटल रिसर्च सेंटर खोलने से स्वास्थ्य सेवाओं को नए पंख लगे हैं। जिसमें नई नई मशीनरी एवं टेक्नोलॉजी के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई है बेहतर इलाज के उपरांत स्वस्थ हुए मरीजों द्वारा अस्पताल प्रबंधन एवं डॉक्टरों के प्रति खुशी आभार जताया है ।जबलपुर हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर प्रबंधन द्वारा भी महाकौशल विंध्य और मध्य भारत के नर्मदा अंचल के सभी सम्मानीय नागरिकों का उनके विश्वास एवं सहयोग के बदले अच्छे से अच्छी सेवा के लिए प्रतिबद्धता जताई है।

**आईपीएल के फाइनल को लेकर आईजी अलर्ट**

## पुलिस अधीक्षकों से कहा- खूफिया तंत्र मजबूत करो




**जबलपुर, यशभारत।** रविवार को अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में होने वाली फाइनल मैच को लेकर आईजी उमेश जोगा अलर्ट है। जिसके चलते उन्होंने जोन के सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिए है कि खूफिया तंत्र मजबूत कर, सटोरियों पर त्वरित कार्रवाई करो। आईजी उमेश जोगा ने यशभारत को बताया कि आईपीएल सट्टा को लेकर सभी जोन के पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि टीम के साथ मुस्तैद रहें और आयकर अधिकारियों के साथ सूचना के आधार पर दबिश देकर तत्काल कार्रवाई करें। श्री जोगा ने बताया कि आम नागरिक भी संबंधित जिला प्रभारी या कंट्रोल रुम को आईपीएल सट्टे की सीधे सूचना दे सकते है। ताकि आईपीएल सट्टे से जुड़े लोगों के चेहरे से नकाब हटाया जा सके। गौरतलब है कि क्रिकेट के सट्टे को लेकर पुलिस द्वारा की जा रहीं लगातार कार्रवाईयों के बाद सट्टा बाजार से जुड़े लोग भूमिगत हो चुके है। दुबई में बैठकर सट्टेबाजी का सबसे बड़ा गिरोह संचालित करने वाले सतीश सनपाल के गुर्गों और इस गोरखधंधे को खिलाने वाले और खेलने वालों को दबोचने के लिए पुलिस की कई टीमें सक्रिय है। जिसके चलते शहर में दर्जनों संदेहियों से पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। इतना ही नहीं पुलिस ने सनपाल के गिरोह की तलाश में करीब 20 जगहों पर छापेमार कार्रवाईयों को अंजाम दिया है।

**कार्रवाई में देरी ना हो**

### अनेक सटोरियों की मिली जानकारी

सनपाल के गिरोह का फंडाफोड़ होने के बाद पुलिस के हाथ कई अहम जानकारियां हाथ लगी हैं। तो वहीं, सटारिए सतीश सनपाल और दिलीप खत्री की संपत्तियों को लेकर जांच कर रही आयकर विभाग की टीम को कई बेनामी संपत्तियों की जानकारी हाथ लगी है। इसके साथ ही अभी तक हुई छापामार कार्रवाईयों में मिले मोबाइलों में कई बुकीज के नाम कोटवर्ड में सेव है। जिनकी भी पुलिस तलाश करने में जुटी है।

## हाईकोर्ट जज पुरुषेन्द्र कौरव दिल्ली स्थानांतरित



**जबलपुर यशभारत।** मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में पदस्थ न्यायाधीश पुरुषेन्द्र कुमार कौरव अब दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश होंगे।श्री कौरव का स्थानांतरण उच्चतम न्यायालय के कालेजियम की अनुशंसा पर किया गया है ।उल्लेखनीय है कि श्री कौरव पूर्व में मध्यप्रदेश के महाधिवक्ता रहे ।कुछ माह पूर्व ही उन्हें मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया था।




































स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )